मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक
रांची, मंगलवार, 1 अक्टूबर 2024
संवत 2081, आश्विन कृष्ण 14 संवत मूल्य-2 रुपये
वर्ष-8, अंक 27 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 एग्री इंफ्रा फंड से बदल रहा किसानों का जीवन
गोल्डन शिमरी गाउन में जान्हवी कपूर ने आईफा अवार्ड्स में बिखेरा जलवा 6



# सुदूरवर्ती इलाकों के लिए पुल कनेक्टिविटी में साबित होंगे मील का पत्थर : डॉ नीरा यादव

**दो दिनों में तीन बड़े उच्च स्तरीय पुलों की आधारशिला रखी नीरा यादव** **केशो नदी, दुल्की नदी और पचाने नदी पर पुल का निर्माण होगा**

मेट्रो रेज

**कोडरमा :** मुख्यमंत्री ग्राम सेतू योजना अंतर्गत एवं कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव द्वारा अनुशंसित डोमचांच प्रखंड अंतर्गत दो पुलों एवं सतगावां प्रखंड में एक पुल का शिलान्यास विधायक डॉ नीरा यादव के कर कमलों द्वारा शिलान्यास किया गया। योजनाओं में ग्राम मसमोहना एवं ग्राम कुंडी धनवार के बीच दुलकी नदी पर दो करोड़ तीन लाख निनांबे हजार चार सौ उनचालिस रुपए की लागत से उच्च स्तरीय पुल के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। साथ ही इसी दिन दूसरे जगह एक और पुरनाडीह पंचायत अन्तर्गत ग्राम रायडीह में केशो नदी पर पांच करोड़ अड़तालिस लाख छियानवे हजार आठ सौ सैंतालीस रुपए की लागत से उच्च स्तरीय पुल के निर्माण कार्य का विधि विधान से पूजा अर्चना कर, नारियल फोड़ कर एवं फीता काट कर



शिलान्यास किया गया। मौके पर नीरा यादव ने कहा आवागमन में हो रहे परेशानी को लेकर ग्रामीणों के द्वारा मांगी इस योजना को अनुशंसित भेज कर तुरंत स्वीकृति हेतू विभाग भेजा गया था, जिसे अब निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात निर्माण कार्य तुरंत होने को तैयार है। आशा है कि संवेदक त्वरित गति से इस कार्य को करेंगे और लोगों के लिए जल्द उपयोग में आ जाएगा। नीरा यादव ने सोमवार को सतगावां प्रखंड के कोठियार पंचायत अंतर्गत ग्राम पचाने में पचाने नदी पर तीन करोड़ अंठावन लाख उन्हत्तर हजार आठ सौ बेरासी रुपए की लागत से एक और तीसरे उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य की आधाशिला रखी। पचाने में नीरा यादव को ग्रामिणों ने ढोल नगाड़े के साथ जोरदार तरीके से स्वागत किया। स्थानियों ने अपने ग्रामीण परिवेश के पारंपरिक तरीके से माला पहना कर स्वागत किया और लोगों ने नीरा यादव जिंदाबाद के जयकारे लगाये। ग्रामीणों काफी खुश और उत्सुक नजर आ रहे थे। नीरा यादव ने कहा कि अब सुदूरवर्ती इलाको में नदी अब बाधा नहीं बनेगी। निर्भीकता से लोग हर मौसम में बाजार और मुख्यालय आना जाना कर सकेंगे। लोगों को चिकित्सा संबंधी सुविधा भी बराबर मिला करेगी। ग्रामीणों के उन्नति में पुल काफी सहायक और कारगर सिद्ध होगी। विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि इसी पचाने में एक और पुल का सौगात जल्द देने जा रही हूं। अभी यह निविदा प्रक्रियाधीन है। अपने क्षेत्र में कई और पुलों की सौगात मिलेगी, सारे अभी निविदा प्रक्रियाधीन है। लोगों ने विधायक के प्रति आभार जताया। मौके पर जिप अध्यक्ष रामधन यादव, पुरनाडीह मुखिया पप्पू यादव, सतगांवा मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद सिंह, परमेश्वर यादव, महेन्द्र यादव, शिवराज आदि सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।



## जेपीसी के कई सदस्य तहफफुज अवकाफ कॉन्फ्रेंस में होंगे शामिल

**रांचीः** अब्दुल रज्जाक अंसारी एजुकेशनल एंड कल्चरल सेंटर द्वारा गुरुवार 3 अक्टूबर को इरबा स्थित अब्दुल रज्जाक अंसारी हैंडलूम कॉम्प्लेक्स में तहफ्फुज अवकाफ कॉन्फ्रेंस (वक्फ बचाओ अभियान) की एक विशाल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया है। उपरोक्त जानकारी एआईसीसी के उपाध्यक्ष एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष श्री अनवार अहमद अंसारी ने दी। उन्होंने बताया कि इस कॉन्फ्रेंस में जुएंट पार्लिमेंट्री कमिटी( जेपीसी) के वरिष्ठ सदस्य जैसे जनाब डॉ. सैयद नासिर हुसैन, जनाब ' सैयद इमरान मसूद, लोकसभा में कांग्रेस के डिप्टी लीडर जनाब गोर्ब गोगोई के अलावा अमीर ए शरीयत हजरत मौलाना फैसल वली रहमानी शामिल हो रहे हैं। इसके अलावा झारखंड के कई मंत्री ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. इरफान इरफान अंसारी, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन अंसारी, वक्फ बोर्ड के चेयरमैन सरफराज अहमद, अल्पसंख्यक बोर्ड के चेयरमैन हिदायतुल्लाह खान, उपाध्यक्ष शमशेर आलम समेत झारखंड के हर जिले और हर वर्ग के लोग शामिल हो रहे हैं।

## मंटू वर्मा अध्यक्ष व रौशन चौधरी बने सुरक्षा दस्ता रांची महानगर के वरीय उपाध्यक्ष



**रांची :** सुरक्षा दस्ता रांची महानगर के तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण बैठक रातु रोड साकी रेस्टोरेंट में संपन्न हुई।कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी उत्तम यादव ने किया।इस बैठक में दस्ता के सैकड़ो लोग शामिल हुए।बैठक में सर्वसहमति से सुरक्षा दस्ता रांची महानगर के पुराने कमेटी को भंगकर नई कमेटी का चुनाव किया गया। जिसमें सर्व सहमति से इस वर्ष पुनः मंटू वर्मा को अध्यक्ष चुना गया।मंटु वर्मा को अध्यक्ष बनने पर बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने तालिया से स्वागत किया।

नई कमेटी में अध्यक्ष :मंटु वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष :दिलीप गुप्ता, वरीय उपाध्यक्ष : रौशन चौधरी, राजेश सरदाना, अनिल मिश्रा, विकास जयसवाल,अरूण जासुजा, सचिवः शुभम चौधरी, मंत्री :मंटू सिंह, मुख्य संरक्षकःसंजय सेठ, संरक्षक :उत्तम यादव, बिंदुल वर्मा, रवींद्र वर्मा, फ्रांसीस, तिर्की, बजरंग वर्मा, राजन वर्मा, ज्ञान सिन्हा, शंकर सिंहा, संयोजक :रूपेश चौरसिया, मीडिया प्रवक्ता :शिव किशोर शर्मा, कोषाध्यक्ष :राहुल चौधरी

***उपाध्यक्ष*** : सागर सिंह,काजू वर्मा,राहुल सिंह,बबलू टोप्पो सुभाष राय,बंटी सिंह,रमन कुमार केसरी,आयुष कुमार झा,अनीश वर्मा,आयुष साहा,ऋषभ पांडे,रौनक कुमार,शिवम कुमार वर्मा,अमन वर्मा,राहुल वर्मा,हर्ष कुमार,सैज कुमार,अभिनव कुमार,चंदन तिवारी,दीपक शर्मा,गोलू वर्मा,राज वर्मा,तुषार सिंहा आदि । यह जानकारी मिडिया प्रवक्ता शिव किशोर शर्मा ने दी है।

## अब डीजे मुक्त होंगे उत्सवः भजनलाल महतो

**कसमार :** अब डीजे से मुक्त होंगे सारे उत्सव, उक्त बातें शांति समिति की बैठक में कसमार थाना कप्तान भजनलाल महतो ने कहा। कसमार थाना परिसर में सोमवार को शांति समिति की बैठक रखी गई, उक्त बैठक आगामी दुर्गा पूजा के अवसर पर शांति बहाल के उद्देश्य को लेकर रखी गई। बैठक में कसमार थाना क्षेत्र में पड़ने वाले विभिन्न पूजा पंडाल के समिति, विभिन्न अखाड़ों के पदाधिकारियों के आलवे पंचायत प्रतिनिधि एवं विभिन्न धर्मावलंबी के गण मान्य लोग उपस्थित हुए। बैठक में श्री भजनलाल महतो ने पूजा के अवसर पर बजाए जाने वाले डीजे साउंड पर पूर्णतः रोक लगाते हुए इसे अमल करने की बात कही। कहा की झारखंड हाईकोर्ट का आदेश है की अब से डीजे बजना प्रतिबंधित है। इसे बजाते पकड़े जाने पर सख्त कार्रवाई होगी।

# ट्रस्ट के द्वारा 130 कैंसर के मरीजों को इलाज के लिए दिया गया उचित मार्गदर्शन

मेट्रो रेज

**कोडरमा :** कैंसर सर्वाइवर्स के द्वारा कैंसर मरीजों को उचित मार्गदर्शन देते हुए उनके इलाज में सहयोग करने के उद्देश्य से जिले में संचालित आवर हैप्पी फैमिली ट्रस्ट के सत्र 2024-26 के पदाधिकारीयों का पदस्थापना समारोह रविवार की शाम शिव वाटिका में आयोजित की गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव विशिष्ट अतिथि प्रतिष्ठित व्यवसायी सह समाजसेवी श्री सुरेश झांझरी उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत ट्रस्ट के पदाधिकारीयों के द्वारा बुके देकर किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों एवं ट्रस्ट के पदाधिकारी और सदस्यों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में ट्रस्ट के निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. अरुण मिश्रा ने अपने सत्र का रिपोर्ट प्रस्तुत किया। इस दौरान उन्होंने अपने सत्र के पदाधिकारी और सदस्यों के कार्यों की सराहना की एवं नए सत्र के पदाधिकारीयों को कैंसर के मरीजों की बेहतरी के क्षेत्र में कार्य के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में इस ट्रस्ट की नींव रखी गई थी। 2022 में आवर हैप्पी फैमिली समूह को ट्रस्ट का रूप दिया गया। ट्रस्ट के द्वारा अभी तक कुल 130 कैंसर के मरीजों को इलाज के लिए उचित मार्गदर्शन एवं सहायता उपलब्ध कराई गई है। ट्रस्ट को



टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल मुंबई के ऑक्नॉलॉजी विभाग के एचओडी डॉ. कुमार प्रभाष का भी विशेष मार्गदर्शन एवं सहयोग प्राप्त होता है। समाजसेवी सुरेश झांझरी के सहयोग से होली फैमिली अस्पताल परिसर में जिले का पहला कीमोथेरेपी केंद्र की स्थापना एवं टीएमएच मुंबई के चिकित्सकों की निगरानी में इसका संचालन शुरू किया गया है। जिससे जिले के कैंसर पीड़ित लोगों को काफी बड़ी राहत मिली है। प्रत्येक शुक्रवार को रांची से कैंसर के विशेषज्ञ डॉ. अमर प्रेम यहां चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराते हैं। कार्यक्रम के दौरान पिछले सत्र के पदाधिकारी और सदस्यों को उनके द्वारा किए गए सेवा के उत्कृष्ट कार्यो के लिए मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद निवर्तमान अध्यक्ष ने नए सत्र के अध्यक्ष संजय शर्मा को पद सौंपते हुए पद की जिम्मेदारियां और कर्तव्यों का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करने का शपथ दिलाया। इसके बाद नए सत्र के उपाध्यक्ष राजेश कुमार, सचिव ज्ञान रंजन, कोषाध्यक्ष राजीव दिवान, संयुक्त सचिव भैया अनूप कुमार, सह कोषाध्यक्ष विवेक सहल, सदस्य रंजीत चौधरी, अंजना जैन ,ललिता देवी ने अपने पद और कर्तव्यों का निष्ठा पूर्वक निर्वहन की शपथ ली। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक डॉ. नीरा यादव ने कहा कि आवर हैप्पी फैमिली ट्रस्ट लोगों की सेवा में जिस तरह से आगे बढ़ रहा है यह निश्चित तौर पर दूसरों के लिए बड़ी प्रेरणा स्त्रोत है। ट्रस्ट के पदाधिकारी खुद कष्ट में होकर दूसरों के कष्ट को दूर करने का काम कर रहे हैं। पहले कैंसर के मरीजों को जिले से बाहर जाकर किमो लेने की काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता था। जिले में कीमो थेरेपी सेंटर की शुरूआत कर संस्था ने उन्हें काफी बड़ी राहत प्रदान की है। उन्होंने कहा कि आज जिस प्रकार से कैंसर के मामले रोज बढ़ रहे हैं उसको लेकर लोगों को जागरूक होने की आवश्यकता है बाजार में खाद्य सामग्रियों में बड़ी मात्रा में मिलावट देखी जा रही है। जो स्वास्थ्य के लिए काफी घातक है। कार्यक्रम के दौरान डॉ. अरुण मिश्रा के द्वारा रचित जीत तो चुके हैं हम कौन रोक सका है गाने पर आरिणी भदानी की शानदार प्रस्तुति ने खूब तालियां बटोरी। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि सुरेश झांझरी ने कहा कि आवर हैप्पी फैमिली के मार्गदर्शन से कैंसर के मरीजों को काफी हिम्मत मिलती है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नए सत्र के अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि जिस सोच और उद्देश्य के साथ इस ट्रस्ट का गठन किया गया है उसको आगे बढ़ाने में वह अपनी टीम के साथ पूरे निष्ठा से कार्य करेंगे। ट्रस्ट में एसोसिएट मेंबर के लिए डॉ.कुमार प्रभास, डॉ. नीरा यादव, डॉ. नरेश पंडित, डॉ. चेलना जैन, डॉ. वीरेंद्र कुमार, सी. ए. वंदना अग्रवाल, सिद्धार्थ झांझरी, महेश दारूका, उदय सोनी, राजेश शर्मा, कैलाश चौधरी, नवीन राजगढ़िया ,पदम सेठी जैन, सुशील छाबड़ा, माला दारूका, विमला देवी जैन, संगीता शर्मा, अनिल लोहानी, दीप्तेश सिंह,रत्नेश प्रसाद, साहिल भदानी, सुनील बड़गवें, विनय कुमार सिंह, सीमा शहल, अमित कुमार, विजय कुमार, सुजीत लोहानी, प्रदीप कंदोई , जितेंद्र टिबडेवाल, अशोक कुमार बरनवाल, नरेंद्र सिंह बनाए गए हैं। कार्यक्रम का संचालन अंकिता एकघरा, श्रेया सेठ व धन्यवाद ज्ञापन सचिव ज्ञान रंजन के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अविनाश सेठ, संजय अग्रवाल, अरुण ओंझा, कमल दारूका, यशपाल सिंह गोल्डन, अजय अग्रवाल, अरविंद मिश्रा, संतोष सिन्हा,गुलशन कुमार,संदीप जैन,नवीन जैन ,नवीन चौधरी, सुधीर सेठ , कुंदन कुमार, अमरेंद्र कुमार सहित कई गण्यमान लोग मौजूद थे ।

## श्री साधुमार्गी जैन संघ जरुरतमंदों की करती है सेवा

**रांची :** श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ विगत 62 वर्षों से जरुरतमंदो की चिकित्स्कीय, शैक्षणिक, सामाजिक सेवा प्रदान कर रही है। संघ का केंद्रीय कार्यालय बीकानेर (राजस्थान) में स्थित है। अपने स्थापन कल से भगवान् महावीर के पंच महाव्रत सत्य, अहिंसा, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह का अक्षरशः पालन करते हुए संघनायक तरुण तपस्वी, प्रशातमना परम पूज्य आचार्य प्रवर 1008 श्री रामलाल जी मस एवं बहुश्रुति, वाचनाचर्य उपाध्याय प्रवर श्रद्धेय श्री राजेश मुनि जी म सा के पावन सानिध्य में सेवा के कार्य को आत्मधर्म मानकर गतिशील है।

अतः समता युवा संघ के अध्यक्ष राकेश कुमार बच्छावत ने रांची से जोधपुर और जैसलमेर रेलमार्ग पर एक नए ट्रैन की सुविधा उपलब्ध करवाने का अनुरोध किया गया है। जिसका नामकरण ₹महत्तम एक्सप्रेसर₹ रखने का अनुरोध किया गया।


**Commissioner-cum-District Magistrate, Ranchi**

(DISTRICT PLANNING OFFICE, RANCHI)

(E-mail id : ranchi.dpo@gmail.com)

1st Floor,Vikas Bhawan, Ranchi– 834001

**Very Short Expression of Interest (EOI)**

District Administration, Ranchi invites EOIs from reputed firms/manufacturing agencies for the Requirement for the projects of Supply and Installation of Whiteboards in Schools of Ranchi under DMFT in Angara, Burmu, Mandar, and Khelari Blocks.

| Sl. No. | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | "Supply and Installation of Whiteboards in Schools of Ranchi under DMFT in Angara, Burmu, Mandar, and Khelari Blocks. |
| 2 | Description | Whiteboard 6'x 4' size, both side usable (white & Green), premium quality. Total no. of whiteboard-475, Duster-475, Marker-950 (Black and Blue of Standard Quality) |
| 2 | EMD | Demand Draft Rs. 50,000.00 (Fifty Thousand Only) in favour of Deputy Development Commissioner, Ranchi. |
| 3 | Period of work | 30 days |
| 4 | Date of Publication | 01st October, 2024 |
| 4 | Last date & time of receipt of EOI | 08th October, 2024 up to 12 : 00 PM |
| 5 | Bid submission Place | District Planning Office, Vikas Bhawan, Ranchi-834001 |
| 6 | Date & time of Bid opening | 08th October, 2024 at 03 : 00 PM |
| 7 | Bid Opening place | Conference Hall, 2nd Floor, Vikas Bhawan, Ranchi –834001 |
| 8 | Name & address of office inviting tender | District Planning Office, Vikas Bhawan, Ranchi - 834001 |
| | Help Line No. | 7979927699/7004845008 |

Note: A detailed description of the above-mentioned expression of interest and other terms and conditions can be found athttps://ranchi.nic.in

Sd/-

PR 337656 District (24-25)D

Deputy Development Commissioner, Ranchi.

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, लोहरदगा।**

**शुद्धि–पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक 22.09.2023 को दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित PR 336575 Lohardaga (24-25)D (अति–अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना, ई–टेण्टर रेफ्रेंस नं. : प.नि.वि./लोहरदगा–621/2024–25) में निम्न विवरणी के अनुसार आंशिक संशोधन किया जाता है :–

| | | |
|---|---|---|
| 6. | वेबसाईट में निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 07.10.2024 को मध्याह्न 12:00 बजे तक। |
| 7. | वेबसाईट में निविदा खोलने की तिथि | 08.10.2024 को अपराह्न 12:30 बजे। |

शेष क्रम संख्या पर अंकित विवरणी यथावत रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमंडल, लोहरदगा।

PR 337619 (Lohardaga) 24-25 (D)

e-Procurement Cell

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**

**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT, BUILDING DIVISION NO. – 1, RANCHI**

(Behind State Guest House Morhabadi) Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008

**Short Term e-Procurement Notice**

Date – 30-09-2024

| Sl. No. | Tender Reference No. | Work Name | Amount (Rs.) | Completion Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/41/2024-25 | Extension of Main Building, Construction of Servant Quarter, Septic Tank and other Works at Senior Officer Residence No.-3 at Dindayal Nagar, Ranchi | 13509400 | Four Month |
| 2 | Start Date of Submission of Bids | | 07-10-2024 at 11.00 AM | |
| 3 | Last Date/Time of Submission of Bids | | 14-10-2024 at 11.00 AM | |
| 4 | Date/Time of Opening of Bid | | 15-10-2024 at 11.00 AM | |
| 5 | Helpline Number of e-procurement Cell | | 8527519262 | |
| 6 | e-mail ID | | eebcddiv1ranchi@gmail.com | |
| 7 | Note :- Cost of bidding document (Non Refundable) & Bid Security Shall be payable on online through http://Jharkhandtenders.gov.in Any Change can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in Any Other information can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in | | | |

Executive Engineer
Building Construction Department
Building Division No. 1, Ranchi

PR 337644 Building (24-25)_D

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**

**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT, BUILDING DIVISION LATEHAR**

**Notice Inviting Very Short E-Quotation No-03/2024-25**

Sealed Quotation inviting for the work Proposed Construction of Swimming Pool at Latehar for all Materials from Reputed Shopkeepers/ Manufacturers/ Suppliers / retailers / Distributors and Registered BCD Contractors for following items. They should quote their rate for unit mentioned in the table, if they do not deals all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit, Labour Cess and overhead charges etc. but inclusive of Royalty.

Terms & Conditions:-

1. The Quotationer shall furnish PAN , GST, Registration Number
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reseves to the right to accept or reject/cancel any or all quotation without assigning any reason thereof.

Note :-

1. Date of Publication of E-Quotation in Website : 04.10.2024 At 11:00 AM
2. Last Date of Upload of E-Quotation in Website : 08.10.2024 At 11:00 AM
3. Last Date / Time of Submission of E-Quotation : 14.10.2024 At 3:00 PM
4. Date/Time of Opening of E- Quotation : 15.10.2024 At 3:30 PM
5. Name & Address of Office Inviting E- Quotation : Office Of The Executive Engineer, Building Construction Department ,Building Division Latehar
6. Helpline No :9835316593, 7903256611
7. कोटेशनदाता को UCAN Registraction की फोटोकॉपी अपलोड करना अनिवार्य है।

नोट :जो कोटेशनदाता कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार को कार्यालय में हार्ड कॉपी जमा करेंगे उन्ही का रेट खोला जायेगा।

For any information/ detailed specification of the work can be seen in the office of the undersigned on any working day between 10.00 A.M. to 5.00 P.M.

Please see Terms & Condition on Notice Board or www.jharkhand.gov.in

Executive Engineer,
Building Division Latehar

PR 337662 Building(24-25).D




रांची, मंगलवार, 1 अक्टूबर 2024

संवत 2081, आश्विन कृष्ण 14 संवत मूल्य-2 रुपये

वर्ष-8, अंक 27 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028


# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक




4 ▶▶ एग्री इंफ्रा फंड से बदल रहा किसानों का जीवन

गोल्डन शिमरी गाउन में जान्हवी कपूर ने आईफा अवार्ड्स में बिखेरा जलवा ◀◀ 6


# पीएम मोदी के हजारीबाग आगमन से पहले उग्रवादियों ने दिया बड़ी घटना को अंजाम, 5 हाइवा को फूंका

मेट्रो रेज

**हजारीबाग :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन से पहले हजारीबाग में उग्रवादियों ने बड़ी घटना को अंजाम दिया है। केरेडारी टंडवा मुख्य पथ पर 5 हाइवा को आग के हवाले कर दिया है। मामला देर रात दो बजे की बतायी जा रही है. सूचना मिलने के बाद बड़कागांव एसडीपीओ कुलदीप कुमार, इंस्पेक्टर अनिल कुमार, थाना प्रभारी अजित कुमार, एनटीपीसी के अधिकारी रोहित पाल घटनास्थल पर पहुंच गये हैं।



**चालकों के साथ मारपीट भी की :** जानकारी के मुताबिक हजारीबाग के स्टाफ होटल से थोड़ा आगे केरेडारी टंडवा मुख्य मार्ग पर देर रात अचनक कुछ उग्रवादी आ धमके और वहां पर मौजूद चालकों के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद उन्होंने कई राउंड फायरिंग कर 5 हाइवा को आग के हवाले कर दिया. बताया जाता है उग्रवादी करीब 8 से 9 की संख्या में थे। हालांकि सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जानकारी ली. घटना के बाद से इलाके में दशहत का माहौल है।

**कल पीएम मोदी आएंगे हजारीबाग :** बता दें कि पीएम मोदी बुधवार को हजारीबाग में आएंगे। जहां वे विनोबा भावे विवि परिसर में ह्यपीएम जनजातीय उन्नत ग्राम योजनाह्ल का शुभारंभ करेंगे. झारखंड में इसके लिए 4000 गांवों को चुना गया है। पीएम कई एकलव्य विद्यालयों का उदघाटन करेंगे. साथ ही ह्यपीएम जनमन कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। वहीं, हजारीबाग के मटवारी में आदिवासी समूह के प्रतिनिधियों से मिलेंगे। इसके अलावा भाजपा के ह्यपरिवर्तन यात्रा महासभाह्ल को भी संबोधित करेंगे। इसके बाद वे हेलीकॉप्टर से हजारीबाग से वापस रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट लौटेंगे। यहां से वे विशेष विमान से दिल्ली रवाना हो जायेंगे।

## नियुक्ति पर सेवा के दौरान आपत्ति नहीं की गई तो रिटायरमेंट के बाद भी नहीं उठाई जा सकती : हाईकोर्ट

**रांची:** झारखंड हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया है कि यदि किसी कर्मचारी की सेवा अवधि के दौरान उसकी नियुक्ति के संबंध में कोई आपत्ति नहीं उठाई गई हो तो उसकी सेवानिवृत्ति के बाद आपत्ति नहीं उठाई जा सकती. दरअसल फूल चंद ठाकुर को 1 अगस्त 1975 को एस.पी. कॉलेज दुमका की शासी निकाय द्वारा टाइपिस्ट के रूप में नियुक्त किया गया था. 31 दिसंबर, 2006 को सेवानिवृत्त होने से पहले उन्होंने 31 वर्षों तक कॉलेज में लगातार काम किया। अपनी सेवा के दौरान उन्हें कॉलेज के एक प्रस्ताव के माध्यम से लाइब्रेरी सहायक के पद पर समायोजित किया गया था, क्योंकि टाइपिस्ट के लिए कोई स्वीकृत पद नहीं था. कर्मचारी का वेतन शुरू में 1 अप्रैल 1981 से प्रभावी चौथे वेतन संशोधन के अनुसार तय किया गया था और वह अपनी सेवानिवृत्ति तक उसी वेतनमान के आधार पर अपना वेतन प्राप्त करता रहा. जिसके बाद झारखंड सरकार ने 5वें और 6वें वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुसार, घटक कॉलेजों में शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए वेतनमान संशोधित किए हैं. जो क्रमशः 1 जनवरी 1996 और 1 जनवरी 2006 से प्रभावी हैं. इन अवधियों के लिए कर्मचारियों के वेतन संशोधन की कॉलेज द्वारा अनुशंसा की गई और अनुमोदन के लिए उच्च शिक्षा विभाग को भेजा गया। संस्तुति के बावजूद उच्च शिक्षा विभाग ने स्वीकृत वेतन निर्धारण चार्ट में कर्मचारी का नाम शामिल नहीं किया. नतीजतन, कर्मचारी का वेतन और पेंशन 5वें और 6वें वेतन आयोग के अनुसार, संशोधित नहीं किया गया और उसे पुराने चौथे वेतन आयोग के पैमाने के आधार पर पेंशन मिलती रही. जिसके बाद कर्मचारी ने पहले झारखंड उच्च न्यायालय में ह.ढ.(र) संख्या 1786/2015 दायर करके अपने वेतन निर्धारण दावे पर निर्णय लेने की मांग की. कर्मचारी ने दलील दी कि उसकी नियुक्ति पर राज्य को सवाल नहीं उठाना चाहिए था, खास तौर पर उसकी सेवानिवृत्ति के बाद. कर्मचारी ने दलील दी कि वह 5वें और 6वें वेतन आयोग के लाभों का हकदार था, जो क्रमशः 1 जनवरी, 1996 और 1 जनवरी, 2006 से घटक कॉलेजों में गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए लागू थे.

दूसरी ओर प्रतिवादी राज्य की ओर से तर्क दिया गया कि कर्मचारी की प्रारंभिक नियुक्ति एस.पी. कॉलेज, दुमका में टाइपिस्ट के रूप में कॉलेज की शासी निकाय द्वारा की गई थी. लेकिन टाइपिस्ट का पद राज्य सरकार द्वारा कभी स्वीकृत नहीं किया गया था. ऐसे में कर्मचारी की नियुक्ति को नियमित नहीं किया जा सकता. न्यायालय ने सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने माना कि कर्मचारी की सेवानिवृत्ति (सेवानिवृत्ति के 13 वर्ष बाद) के बाद कोई भी आपत्ति उठाना अन्यायपूर्ण और कानूनी रूप से अस्वीकार्य है।

## मंजूनाथ भजंत्री ने रांची डीसी का पदभार किया ग्रहण



मेट्रो रेज

**रांची :** रांची के नये डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने आज मंगलवार को पदभार ग्रहण किया. पूर्व डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने बुके देकर उनका स्वागत किया. मौके पर जिला प्रशासन के तमाम अधिकारी मौजूद रहे. मंजूनाथ भजंत्री 2011 बैच के आईएएस अधिकारी हैं. बता दें कि पूर्व डीसी राहुल कुमार ने जुलाई 2022 में रांची डीसी का पदभार ग्रहण किया था।

**शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार संपन्न कराना प्राथमिकता :** पदभार ग्रहण करने के बाद रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि त्योहार के सीजन की शुरूआत हो रही है. जिला प्रशासन की प्राथमिकता शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार संपन्न कराना है. साथ ही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पंचायत स्तर पर पहुंचने का प्रयास किया जायेगा. आगामी विधानसभा चुनाव से संबंधित तैयारी पर डीसी ने कहा कि पूर्व से ही तैयारियां की गयी हैं, उसे आगे बढ़ाया जायेगा. सभी पदाधिकारी अनुभवी हैं, हम टीमवर्क के साथ सभी चुनौतियों का सामना करेंगे।

**सोमवार को बदले गये थे चार जिलों के डीसी :** बता दें कि राज्य सरकार ने सोमवार को छह आइएएस अफसरों का तबादला किया था. इसमें चार जिलों के डीसी को भी बदला गया था. कार्मिक विभाग ने मंजूनाथ भजंत्री को रांची जिला का उपायुक्त बनाया. वहीं शशि प्रकाश सिंह को जामताड़ा, उत्कर्ष गुप्ता को लातेहार और मनीष कुमार को पाकुड़ जिले की जिम्मेवारी सौंपी गयी. इसके अलावा पवन कुमार को उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल का प्रमंडलीय आयुक्त और रंजीत कुमार लाल को उर्जा उत्पादन निगम का एमडी बनाया गया है। कार्मिक ने इसका आदेश जारी कर दिया।

### कांटाटोली फ्लाइओवर का उदघाटन 4 अक्टूबर को

## सीएम हेमंत सोरेन 2500 करोड़ की परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास

**रांची :** झारखंड सरकार तीन और चार अक्तूबर को राजधानी को दो तोहफे देगी. मुख्यमंत्री तीन अक्तूबर को कांके के सुकुरहुटू में तैयार ट्रांसपोर्ट नगर के फेज-1 और चार अक्तूबर को कांटाटोली फ्लाइओवर का उद्घाटन करेंगे. तीन अक्तूबर को ही मुख्यमंत्री सुकुरहुटू के आइटीबीपी कैंप के पास आयोजित समारोह में टांसपोर्ट नगर के फेज-2 का शिलान्यास भी करेंगे।



**ट्रांसपोर्ट नगर का फेज-1 और कांटाटोली फ्लाइओवर बनकर तैयार :** बता दें कि ट्रांसपोर्ट नगर का फेज-1 और कांटाटोली फ्लाइओवर लगभग तैयार हैं. उद्घाटन के बाद दोनों जगहों को चलायमान कर दिया जायेगा. कांटाटोली फ्लाइओवर में रैंप का निर्माण बाद में किया जायेगा. फ्लाइओवर पर खादगढ़ा बस स्टैंड के पास नामकुम की ओर जाने के लिए और उसके सामने पेट्रोल पंप के पास लालपुर जाने के लिए रैंप का निर्माण किया जाना शेष है।

**2500 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पथ निर्माण विभाग की करीब 2500 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे. चार अक्तूबर को इन परियोजनाओं के शिलान्यास व उदघाटन का कार्यक्रम है. राजधानी के लिए हरमू (सहजानंद चौक से जज कॉलोनी) फ्लाइओवर, बहुबाजार कनेक्टिंग फ्लाइओवर और धनबाद के मटकुरिया फ्लाइओवर का शिलान्यास किया जायेगा. हरमू फ्लाइओवर का अभी टेंडर निकला हुआ है. इसे फाइनल करना है. वहीं, कनेक्टिंग फ्लाइओवर का टेंडर लगभग फाइनल हो गया है. मटकुरिया फ्लाइओवर का निर्माण वहां के लोगों की मांग पर की जा रही है।

## जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव : अंतिम चरण की 40 सीटों पर दोपहर 1 बजे तक 44.08% मतदान दर्ज

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए वोटिंग शुरू हो गई है। चुनाव आयोग के अनुसार, तीसरे चरण की 40 सीटों पर दोपहर 1 बजे तक 44.08% मतदान हुआ।मतदाताओं में वोटिंग करने के लिए उत्साह देखा जा रहा है।

जम्मू एवं कश्मीर में मंगलवार को विधानसभा चुनाव के तीसरे और अंतिम चरण के लिए मतदान हो रहा है। इसमें 39.18 लाख मतदाता जम्मू के मैदानों से लेकर कश्मीर के पहाड़ों तक फैले 40 निर्वाचन क्षेत्रों में 415 उम्मीदवारों के राजनीतिक भाग्य का फैसला करेंगे।

जम्मू संभाग के जम्मू, सांबा, कठुआ और उधमपुर जिलों तथा घाटी के बारामुला और कुपवाड़ा जिलों की 40 विधानसभा सीटों पर मतदान होना है। जम्मू जिले में 11, सांबा में तीन, कठुआ में छह और उधमपुर में चार विधानसभा सीटें हैं, जबकि बारामुला में सात, बांदीपोरा में तीन और कुपवाड़ा जिले में छह सीटें हैं। चुनाव आयोग ने तीसरे चरण के लिए मतदाताओं के लिए 5,030 मतदान केंद्र बनाए हैं। कश्मीरी विस्थापित मतदाताओं के लिए भी विशेष मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से 11 जम्मू में, चार दिल्ली में और एक उधमपुर जिले में है।

विभिन्न राजनीतिक दलों और चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों द्वारा किए गए जोरदार प्रचार को देखते हुए ऐसा लगता है कि मंगलवार को बड़ी संख्या में मतदाता मतदान करने के लिए आएंगे। पहले दो चरण के चुनाव 18 और 25 सितंबर को हुए थे। मतगणना 8 अक्टूबर को होगी।

## बॉलीवुड एक्टर गोविंदा को लगी गोली, आईसीयू में भर्ती



**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेता और शिवसेना नेता गोविंदा को मंगलवार सुबह गोली लग गयी है। घायल अवस्था में एक्टर को आईसीयू में भर्ती किया गया है। जानकारी के अनुसार, गोविंदा बाहर जाने की तैयारी कर रहे थे। सुबह करीब 4.45 बजे में बाहर जाने से पहले वो अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर चेक कर रहे थे।. इसी दौरान गलती से रिवॉल्वर से गोली चल गयी और उनके गोली उनके घुटनों के पास लग गयी। आनन-फानन में उनको मुंबई के सीआरआईटीआई अस्पताल ले जाया गया. गोविंदा को आईसीयू में भर्ती किया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है. फिलहाल उनकी हालत खतरे से बाहर बतायी जा रही है।

**सलामती के लिए दुआ कर रहे फैंस :** इस खबर के सामने आते ही फैंस काफी परेशान हो गये। उन्होंने गोविंदा की सलामती के लिए प्रार्थना की। बता दें कि गोविंदा ने कई फिल्मों में शानदार अभिनय किया है। वह कुली नंबर 1, हीरो नंबर 1, छोटे सरकार, हद कर दी आपने जैसी फिल्मों में बतौर मेन लीड काम कर चुके हैं। हालांकि बीते पांच सालों से वह फिल्मों से दूर हैं। वर्तमान में वह राजनीतिक दल शिवसेना के साथ हैं।

## बिहार में बाढ़ का कहर, 8 लोग बहे 16 जिलों की 10 लाख आबादी प्रभावित



**पटना :** नेपाल में हुई भारी बारिश के बाद बिहार के 16 जिले बाढ़ से ग्रसित हैं. बता दें कि 56 साल बाद कोसी और 21 साल बाद गंडक नदी में इतना अधिक पानी आया है. नदियों के गेज पॉइंट पर उच्चतम जलस्तर का नया रिकॉर्ड बन गया है. अब इसी को मानक मानकर बिहार सरकार उत्तर बिहार की नदियों के तटबंधों की ऊंचाई बढ़ाएगी. 16 जिलों के 55 प्रखंडों की 9.90 लाख आबादी बाढ़ से घिरी हुई है. वहीं बाढ़ में बिहार के अलग-अलग जिलों से 8 लोग जिंदा बह गए हैं, जबकि एक महिला ने हार्ट अटैक से दम तोड़ दी।

जबकि पिछले 24 घंटे में प्रदेश के अलग-अलग जिलों में 7 तटबंध टूटे हैं। सरकार ने नदियों के घटते जलस्तर के बीच अलर्ट जारी किया है। जल संसाधन विभाग ने सभी बाढ़ प्रभावित जिलों के अभियंता और कर्मियों को अलर्ट मोड में रहने को कहा है. बता दें कि गंडक बराज से 21 साल में पहली बार रिकॉर्ड 5.62 लाख और 56 साल में पहली बार कोसी बराज से रिकॉर्ड 6.61 लाख क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया है।

सुपौल में तेज बहाव की वजह से शिवपुरी में दादा के कंधे पर बैठी 3 साल की बच्ची बह गई. वहीं बाढ़ के सदमे से हार्ट अटैक हुआ और 1 महिला की मौत हो गई. दरभंगा की बात करें तो किरतपुर में एक किशोर और तीन महिला-पुरुष बाढ़ में बह गए. सीतामढ़ी के रून्नीसैदपुर और बेलसंड में बाढ़ की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। यहां 3 लोग बाढ़ के पानी में बह गए हैं।

दरभंगा के कुशेश्वर स्थान पुर्वी प्रखंड के पूर्वी बलान बांध सोमवार की रात श्रीपुर गोबराही के पास टूट गया। जिससे लगभग भिंडुवा, सिद्धिपुर, गोबराही समेत 25 गांव की आबादी प्रभावित हुई है। कुशेश्वर स्थान पूर्वी के उड गोपाल कुमार पासवान ने बताया कि साढ़े 8 बजे रात में बांध अचानक से टूटा। मंगलवार को सुबह ठअफ्र-रअफ्र की टीम पहुंचेगी. जिसके बाद राहत बचाव कार्य शुरू होने की संभावना है।

बेगूसराय में स्कूली बच्चों से भरी नाव पलट गई है। नाव पर 25 से ज्यादा बच्चे सवार थे। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला. घटना भगवानपुर थाना क्षेत्र के मखवा स्थित बैंती-बलान नदी घाट की बताई जा रही है.

## बुलडोजर एक्शन पर लगी अंतरिम रोक रहेगी जारी, सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा



**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट में बुलडोजर एक्शन पर लगी अंतरिम रोक को फिलहाल जारी रखने का निर्णय लिया गया है। जस्टिस बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की बेंच ने मामले की सुनवाई के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर कार्रवाई पर 1 अक्टूबर तक की अंतरिम रोक लगाई थी, जिसे अब आगे भी जारी रखने का आदेश दिया गया है।उसने कहा कि गैरकानूनी कब्जा, अतिक्रमण हटाने पर कोई रोक नहीं है. बुलडोजर की कार्रवाई पर लगी अंतरिम रोक जारी रहेगी। वह फैसले में बुलडोजर कार्रवाई पर राष्ट्रीय स्तर पर एकरूपता लाने के लिए दिशा-निर्देश जारी करेगा. उसने यह भी कहा कि कब्जे के खिलाफ कार्रवाई के आड़े धार्मिक स्थल भी नहीं आने चाहिए. इस अदालत का पहले ही इस मुद्दे पर फैसला है इस मामले की सुनवाई जस्टिस बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की बेंच कर रही है। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने 1 अक्टूबर तक बुलडोजर कार्रवाई पर रोक लगाने का आदेश दिया था, लेकिन अब इस मामले में विस्तृत दिशानिर्देश तैयार किए जा रहे हैं। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने यूपी, मध्य प्रदेश और राजस्थान सरकार की ओर से पेश होते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने संकेत दिया है कि बुलडोजर कार्रवाई को लेकर पूरे देश के लिए दिशानिर्देश तैयार किए जाएंगे। उन्होंने इसके लिए कुछ सुझाव भी पेश किए।

जस्टिस गवई ने स्पष्ट किया कि यदि सार्वजनिक सड़क, जल निकाय, या रेलवे लाइन पर कोई अनधिकृत निर्माण होता है।

### भारत-कनाडा के बीच खालिस्तानी मुद्दे पर वार्ता में नया मोड़

## राजनयिकों पर मंडरा रहे खतरे को लेकर टेंशन में भारत

**नई दिल्ली :** भारत और कनाडा के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और खालिस्तानी मुद्दों पर चल रही चचाओं ने हाल के महीनों में एक नया मोड़ लिया है। दोनों देशों के वरिष्ठ राजनयिकों ने हाल ही में कम से कम दो बार मुलाकात की है, जहां कनाडा में सक्रिय खालिस्तानी तत्वों की गतिविधियों पर गहराई से चर्चा की गई। भारतीय पक्ष ने विशेष रूप से कनाडा में अपने राजनयिकों के खिलाफ मिल रही धमकियों पर अपनी गंभीर चिंताओं को जाहिर किया है। इन बैठकों में भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्रालय के सचिव (पूर्व) जयदीप मजूमदार ने किया, जबकि कनाडा की ओर से वेल्डन एप, जो कनाडा के ग्लोबल अफेयर्स के सहायक उप मंत्री हैं और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के प्रभारी हैं, ने भाग लिया। दोनों के बीच पहली बैठक जून के पहले सप्ताह में लाओस की राजधानी वियनतियाने में हुई, जहां आसियान क्षेत्रीय फोरम (अफ्र) के सीनियर अधिकारियों की बैठकें हो रही थीं। इसके बाद, वेल्डन एप नई दिल्ली पहुंचे और मजूमदार से एक और बैठक की।



भारतीय राजनयिकों के खिलाफ धमकियों को लेकर भारत की चिंताएं प्रमुख विषय रहीं। भारत ने कनाडा में हो रही उन गतिविधियों पर नाराजगी जताई, जिनमें खालिस्तानी समूहों द्वारा भारतीय राजनयिकों को सीधे तौर पर निशाना बनाया जा रहा है। इसके अलावा, भारत ने कनाडा में ऐसे पोस्टरों की शिकायत की, जिनमें वरिष्ठ भारतीय राजनयिकों, खासकर उच्चायुक्त संजय वर्मा और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर को भी शामिल किया गया था। हाल के दिनों में कुछ खालिस्तानी समर्थक झांकियों में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या का चित्रण भी दिखाया गया, जिससे भारत का आक्रोश और बढ़ गया।कनाडाई अधिकारियों ने भारतीय पक्ष को बताया कि ओटावा सरकार खालिस्तानी तत्वों के प्रदर्शनों को समर्थन नहीं देती। कनाडाई अधिकारियों ने इन प्रदर्शनों को कानूनी लेकिन नैतिक रूप से कहा। यह वाक्यांश पहले भी कनाडा के विदेश मंत्री मेलानी जोली और उनके भारतीय समकक्ष एस जयशंकर के बीच बातचीत में उपयोग किया जा चुका है। इन बैठकों में एक और अहम मुद्दा खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या भी रही। निज्जर की जून 2023 में हुई हत्या के बाद भारत और कनाडा के बीच तनाव और बढ़ गया था। इस मामले में कनाडाई अदालत में चार आरोपियों के खिलाफ सुनवाई भी चल रही है। इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य दोनों देशों के बीच के कड़वे मुद्दों को सुलझाना और द्विपक्षीय रिश्तों को फिर से पटरी पर लाना था। कनाडाई पक्ष ने भारत की चिंताओं को ध्यान में रखते हुए माना कि उन्हें खालिस्तानी तत्वों की गतिविधियों के प्रति और अधिक संवेदनशील होना होगा। भारतीय पक्ष ने कहा कि ₹फंक्शनल जॉइंट कमेटियां₹ फिर से सक्रिय होनी चाहिए, ताकि दोनों देश आपसी सहयोग से इन समस्याओं का समाधान निकाल सकें।

## सुविचार

**जीतने वाले कभी बहाने नहीं बनाते और बहाने बनाने वाले कभी जीतते नहीं।**

## इच्छा मृत्यु पर गाइडलाइन का ड्राफ्ट

**केंद्रीय स्वास्थ्य** मंत्रालय की ओर से इच्छा मृत्यु को लेकर जारी किए गए गाइडलाइंस के मसौदे ने इस पर जारी बहस को तेज कर दिया है। इंडियन मेडिकल असोसिएशन (आईएमए) ने भी यह कहते हुए आपत्ति की है कि लाइफ सपोर्ट सिस्टम हटाए जाने का फैसला करने की जिम्मेदारी डॉक्टरों पर डालना ठीक नहीं है। इससे उन पर दबाव बढ़ जाएगा। इच्छा मृत्यु के भावनात्मक, कानूनी और चिकित्सकीय पहलू इससे जुड़े किसी भी मामले में फैसला लेना कठिन बना देते हैं। लेकिन फिर भी फैसला तो करना ही होता है। सुप्रीम कोर्ट भी 2018 में निष्क्रिय इच्छा मृत्यु की कुछ शर्तों के साथ इजाजत दे चुका है। ऐसे में फैसले की प्रक्रिया जितनी स्पष्ट और परिभाषित होगी, फैसला लेना और उसे लागू करना उतना आसान होगा। सरकार की ओर से गाइडलाइंस जारी करने की पहल के पीछे यही सोच है। गाइडलाइंस के मसौदे को देखें तो इसमें यह प्रयास स्पष्ट नजर आता है कि फैसला कई स्तरों पर परखे जाने के बाद ही अमल में आए। इसके मुताबिक, लाइफ सपोर्ट सिस्टम की जरूरत और उसकी उपयोगिता पर फैसला करने वाले प्राइमरी मेडिकल बोर्ड (पीएमबी) में प्राइमरी फिजीशन के अलावा कम से कम दो ऐसे एक्सपर्ट होंगे, जिनके पास कम से कम 5 साल का अनुभव होगा। इसके बाद सेकंडरी मेडिकल बोर्ड (एसएमबी) इस फैसले की समीक्षा करेगा, जिसमें उटड द्वारा मनोनीत एक रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिशनर के अलावा दो एक्सपर्ट होंगे। इसके साथ ही पेशंट के परिवार की सहमति भी जरूरी होगी। केस की बारीकी के आधार पर निष्कर्ष तो आज भी डॉक्टरों का ही होता है, लेकिन वे पेशंट या परिजनों को पूरी स्थिति समझाते हैं और फिर पेशंट या परिवार फैसला करता है। फैसला करने से डॉक्टरों की हिचक समझी जा सकती है। दरअसल, यह प्रफेशन ही मरीजों को बचाने का है। डॉक्टर आखिरी पल तक मरीज को बचाने का प्रयास करते हैं, भले ही कुछ मामलों में यह कोशिश नाकाम हो जाए। ऐसे में इलाज के दौरान किसी खास बिंदु पर उन प्रयासों से हाथ खींचने का फैसला स्वाभाविक ही कई डॉक्टरों को अपने पेशे से अन्याय लग सकता है। मगर यहां कई पहलू हैं। सुप्रीम कोर्ट कह चुका है कि जीवन की गरिमा के साथ ही मौत की गरिमा का सवाल भी जुड़ा है। फिर संसाधनों के सर्वश्रेष्ठ इस्तेमाल की भी बात है। अगर किसी मरीज के ठीक होने की संभावना नहीं रह गई है तो उन मेडिकल संसाधनों का उपयोग ऐसे मरीज को बचाने में करना बेहतर है, जिसे बचाया जा सकता हो। बहरहाल, सरकार ने गाइडलाइंस के इस मसौदे पर 20 अक्टूबर तक सुझाव मांगे हैं। उम्मीद की जाए कि आने वाले तमाम सुझावों की रोशनी में बनी गाइडलाइन ज्यादा उपयुक्त और ज्यादा व्यावहारिक होगी।

## बेकाबू हो सकता है युद्ध

**लेबनान में** शुक्रवार को हुए इस्राइली हमले में हसन नसरल्लाह का मारा जाना हिज्बुल्ला के लिए ऐसा झटका है, जिससे उबरना उसके लिए आसान नहीं होगा। इस्राइली सेना और नेतन्याहू सरकार के लिए यह उतनी ही बड़ी कामयाबी है। अफसोस की बात यह है कि इस कथित झटके या कामयाबी के बाद भी इस क्षेत्र में शांति की संभावना मजबूत नहीं हुई है। इसके उलट संघर्ष के बेकाबू होने का खतरा बढ़ गया है। पिछले तीन दशक से भी ज्यादा समय से हिज्बुल्ला का नेतृत्व कर रहा नसरल्लाह मध्यपूर्व के सबसे प्रभावशाली व्यक्तित्वों में शुमार किया जाता था। उसकी कमी की जल्द भरपाई होना मुश्किल है। मगर हिज्बुल्ला के लिए यह इकलौता झटका नहीं है। हाल के हमलों में उसके एक दर्जन से ज्यादा टॉप के कमांडर मारे जा चुके हैं। बहुचर्चित पेजर और वॉकी टॉकी हमलों ने उसके इंटरनल कम्युनिकेशन सिस्टम को भी लगभग खत्म कर दिया है। ऐसे में खुद को समेटकर इस्राइल पर दोबारा वैसा ही हमला करना हिज्बुल्ला के लिए काफी मुश्किल होगा। ताजा झटका कितना भी बड़ा हो, यह समझना गलत होगा कि इससे हिज्बुल्ला इस्राइल के सामने समर्पण कर देगा। पिछले कुछ दशकों में हिज्बुल्ला दुनिया का सबसे ताकतवर नॉन स्टेट एक्टर बन चुका है। उसके पास 1,50,000 से अधिक रॉकेट और मिसाइलें बताई जाती हैं। उसकी सैन्य ताकत किसी मिडल साइज के देश के बराबर मानी जाती है। हिज्बुल्ला ने कहा भी है कि वह इस्राइल के खिलाफ अपना अभियान जारी रखेगा।कुछ समय पहले तक 12 देशों की ओर से प्रस्तावित युद्धविराम को लेकर जो भी बची-खुची उम्मीद थी, वह अब समाप्त हो गई है। ताजा कामयाबी ने इस्राइल का उत्साह और बढ़ा दिया है। ऐसे में सवाल यह है कि क्या हिज्बुल्ला की मिसाइलों का खतरा समाप्त करने के बाद इस्राइल अपने सैनिकों को लेबनान में घुसने का आदेश देता है। अगर ऐसा हुआ तो यह एक और लंबी लड़ाई की शुरूआत साबित हो सकती है। निगाहें ईरान पर भी टिकी हैं। वह पहले से नाराज है। तेहरान के एक गेस्टहाउस में हमास नेता इस्माइल हानिये की मौत का बदला भी उसे लेना है। नसरल्लाह की मौत उसके लिए भी झटका है। देखने वाली बात यह है कि उसकी प्रतिक्रिया कितनी और कैसी होती है। जहां तक भारत की बात है तो बाकी पूरी दुनिया की तरह वह भी यही चाहेगा कि संघर्ष की यह आग ज्यादा न फैले। इंडिया-मिडल ईस्ट-यूरोप इकॉनमिक कॉरिडोर (आईएमईईसी) जैसे दूरगामी हितों को फिलहाल छोड़ दें तो भी युद्ध का बेकाबू होना भारत को ही नहीं, ग्लोबल इकॉनमी को भी चुनौतियों के भंवर में डाल सकता है। युद्ध के बेकाबू होने से तेल की कीमतें भी बढ़ सकती हैं, जिससे भारतीय इकॉनमी को नुकसान होगा।

# एग्री इंफ्रा फंड से बदल रहा किसानों का जीवन

> प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में कृषि क्षेत्र के उत्थान के लिए नवाचार के नित नये उपाय किये जा रहे हैं। वैज्ञानिकों के शोध को लैब से लैंड तक पहुंचाने के लिए सरकार प्रयास कर रही है, जिससे किसानों की उत्पादन की लागत घटे और फायदा ज्यादा हो। प्रधानमंत्री दूरद्दष्टा हैं जिनके द्वारा जुलाई 2020 में आत्मनिर्भर भारत पैकेज के तहत एक परिवर्तनकारी पहल के रूप में एआईएफ की शुरूआत की गई थी।

**एसआर सिंह चौहान**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का किसानों के प्रति गहरा प्रेम और संवेदनशीलता, उनके द्वारा लिए गए निर्णय, नीतियों और योजनाओं में स्पष्ट नजर आती है। अन्नदाताओं का जीवन बदलना ही उनका प्रथम लक्ष्य है और संकल्प भी। यही कारण है कि सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों में कृषि और किसान सर्वोच्च प्राथमिकताओं में रहे ' उनके नेतृत्व में, सरकार किसानों के सशक्तीकरण और कृषि क्षेत्र के उत्थान के लिए अभूतपूर्व प्रयास कर रही है। किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो एग्री इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (एआईएफ) जैसी नीतियों में स्पष्ट रूप से झलकता है। भारत में फसल के बाद होने वाला नुकसान बड़ी चुनौती है, जो कृषि क्षेत्र की क्षमता और लाखों किसानों की कड़ी मेहनत को प्रभावित कर रहे हैं। हाल के अनुमानों के अनुसार, भारत में प्रतिवर्ष इसके कुल खाद्य उत्पादन का लगभग 16-18% नष्ट हो जाता है ' ये नुकसान कटाई, थ्रेसिंग, भंडारण, परिवहन और प्रसंस्करण सहित विभिन्न चरणों के दौरान होते हैं। उचित भंडारण की कमी, कोल्ड चेन और अपर्याप्त प्रसंस्करण इकाइयाँ, कुशल लॉजिस्टिक्स का अभाव इन बड़े नुकसानों में योगदान करते हैं, जिससे देश की समग्र खाद्य सुरक्षा प्रभावित होती है। इन सभी बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए इन्हे मजबूत करने की दिशा में मोदी सरकार नए सिरे से काम कर रही है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में कृषि क्षेत्र के उत्थान के लिए नवाचार के नित नये उपाय किये जा रहे हैं। वैज्ञानिकों के शोध को लैब से लैंड तक पहुंचाने के लिए सरकार प्रयास कर रही है, जिससे किसानों की उत्पादन की लागत घटे और फायदा ज्यादा हो। प्रधानमंत्री दूरद्दष्टा हैं जिनके द्वारा जुलाई 2020 में आत्मनिर्भर भारत पैकेज के तहत एक परिवर्तनकारी पहल के रूप में एआईएफ की शुरूआत की गई थी। इसका उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाने और खाद्यान्न की बबार्दी को कम करने के लिए कृषि परिसंपत्तियों के माध्यम से फसलोपरांत प्रबंधन परियोजनाओं और नए युग की तकनीकों को बढ़ावा देकर इन चुनौतियों का समाधान करना है। एआईएफ के तहत, बैंकों और वित्तीय संस्थानों द्वारा 3% प्रति वर्ष की ब्याज छूट और सीजीटीएमएसई के तहत 2 करोड़ रुपये तक के ऋण के लिए क्रेडिट गारंटी कवरेज के साथ ऋण के रूप में 1 लाख करोड़ रुपए प्रदान किए जाएंगे। इस पहल के माध्यम से सरकार का उद्देश्य न केवल उपज की गुणवत्ता और मात्रा को संरक्षित करना है, बल्कि किसानों को बाजारों तक अधिक कुशलता से पहुँचने में सक्षम बनाना है, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व के परिणामस्वरूप अगस्त 2024 तक योजना के लाभ के लिए पात्र 35,747 करोड़ रुपये सहित इस योजना के तहत स्वीकृत राशि 47,500 करोड़ रुपये को पार कर चुकी है और 30,000 करोड़ रुपये से अधिक का वितरण हो चुका है। उल्लेखनीय रूप से स्वीकृत परियोजनाओं में से 54% योजनाएं किसानों, सहकारी समितियों, किसान उत्पादक संगठनों और स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हुई हैं, जो प्रधानमंत्री की प्राथमिकता के अनुरूप खेत-स्तर के इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण में किसानों की मजबूत भागीदारी को प्रदर्शित करती हैं। कृषि उपज का फसलोपरांत नुकसान का समाधान हो सके, इस दिशा में प्रधानमंत्री मोदी अत्यंत गंभीर है। उन्होंने भंडारण (ड्राई और कोल्ड), परिवहन आदि में इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को प्राथमिकता दी है, ताकि किसानों को फसल नुकसान से बचाया जा सके। शुष्क भंडारण के संदर्भ में, खाद्यान्न उत्पादन की तुलना में भारत में 1740 लाख मीट्रिक टन क्षमता के स्टोरेज इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी है और वर्तमान में भारत में कुल अनाज उत्पादन की भंडारण क्षमता 44% है, जो बहुत कम है। इसी प्रकार बागवानी उत्पादों के लिए भारत में लगभग 441.9 लाख मीट्रिक टन भंडारण की कोल्ड चेन क्षमता है जो देश में फलों और सब्जियों के उत्पादन का केवल 15.72% है। इन पूर्ण परियोजनाओं ने क्षेत्र की भंडारण क्षमता में लगभग 500 लाख मीट्रिक टन की वृद्धि की है। परिणामस्वरूप, नई शुष्क भंडारण सुविधाएं प्रति वर्ष 18.6 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न का संरक्षण कर रही हैं, जिससे लगभग 5,700 करोड़ रुपये की बचत हो रही है। साथ ही, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में उचित कोल्ड स्टोरेज सुविधाओं के विकास से बागवानी उत्पादों के नुकसान में 10% की कमी आई है, जिससे फसलोपरांत 3.5 लाख मीट्रिक टन उपज सुरक्षित हो रही है और हर साल लगभग 1,250 करोड़ रुपये की बचत हो रही है। प्रधानमंत्री का कृषि क्षेत्र और किसानों के प्रति यह समर्पण न केवल उनके आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में है, बल्कि उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने की प्रतिबद्धता को भी दशार्ता है।

प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में एआईएफ से कृषि अवसंरचनाओं के विकास को नई गति मिली है। अगस्त 2024 तक, एआईएफ के तहत देश भर में एग्री इंफ्रास्ट्रक्चर से संबंधित 74,695 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इन इंफ्रास्ट्रक्चर में 18,508 कस्टम हायरिंग सेंटर, 16,238 प्राथमिक प्रसंस्करण केंद्र, 13,702 गोदाम, 3,095 छंटाई और ग्रेडिंग इकाइयां, 1901 कोल्ड स्टोर और कोल्ड चेन और 21,251 अन्य प्रकार के एग्री इंफ्रास्ट्रक्चर शामिल हैं। 74,695 परियोजनाओं की मंजूरी से कृषि क्षेत्र में कुल 78,702 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित हुआ है, जो महत्वपूर्ण प्रगति को दशार्ता है। प्रधानमंत्री ने न केवल इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को प्राथमिकता दी है, बल्कि युवाओं और किसानों के बीच उद्यमशीलता को भी प्रोत्साहित किया है, जिससे लगभग 50,000 नए कृषि उद्यम स्थापित हुए हैं। सरकार के प्रयासों से युवा भी कृषि की और आकर्षित हो रहे हैं, जो कृषि क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि से कम नहीं है। यह कदम किसानों को आत्मनिर्भर बनाने और कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इन प्रयासों ने 800,000 से अधिक रोजगार के अवसर सृजित किए हैं और भविष्य में यह संख्या और भी बढ़ेगी, जिससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 2.5 मिलियन नौकरियों का सृजन होगा।

सरकार की कल्याणकारी नीतियों से किसानों की कार्यशैली में सकारात्मक बदलाव आया है। खेत पर उन्नत इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण से किसानों को सीधे व्यापक उपभोक्ता आधार को बेचने की सुविधा मिली है, जिससे मूल्य प्राप्ति में वृद्धि हुई है और उनकी समग्र आय में वृद्धि हुई है। आधुनिक पैकेजिंग और कोल्ड स्टोरेज सिस्टम के कारण किसान अपनी बाजार बिक्री को समयबद्ध ढंग से अधिक रणनीतिक रूप से कर सकते हैं, जिससे बेहतर मूल्य प्राप्ति होती है। औसतन, इस इंफ्रास्ट्रक्चर ने किसानों को अपनी उपज के लिए 11-14% अधिक मूल्य प्राप्त करने में सक्षम बनाया है।

सरकार की नीतियाँ न केवल एग्रीकल्चरल इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को प्रोत्साहित कर रही हैं, बल्कि ऋण जोखिम को भी कम कर रही हैं। क्रेडिट गारंटी समर्थन और ब्याज छूट के माध्यम से ऋण देने वाली संस्थाएं न्यूनतम जोखिम के साथ ऋण दे सकती हैं, जिससे उनके ग्राहक आधार और पोर्टफोलियो डाइवर्सिफिकेशन का विस्तार करने में सहायता मिलती है। विशेष रूप से, इस फंड ने नाबार्ड की पुनर्वित्त सुविधा के साथ मिलकर एग्रीकल्चरल इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण में शामिल प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पैक्स) के लिए प्रभावी ब्याज दर को घटाकर 1% कर दिया है। इससे इन पैक्स से जुड़े हजारों किसानों को महत्वपूर्ण लाभ हुआ है। आज तक, एआईएफ के तहत 2,970 करोड़ रुपए के ऋण के साथ 9,573 पैक्स परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिसमें नाबार्ड से सैद्धांतिक मंजूरी भी शामिल है।

**(लेखक, केंद्रीय कृषि मंत्री हैं।)**

# 'वन नेशन वन इलेक्शन' आज के भारत की आवश्यकता

> किसी भी देश की लोकतंत्रीय प्रणाली में समय पर चुनाव कराना एक महत्वपूर्ण कार्य होता है। चुनाव किस प्रकार हों, समय पर हों एवं सही तरीके से हों, इसका बहुत महत्व होता है। परंतु देश में चुनाव बार–बार होना भी अपने आप में ठीक स्थिति नहीं कही जा सकती है।

**प्रहलाद सबनानी**

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारत में लोकसभा एवं विभिन्न प्रदेशों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ ही होते रहे हैं। परंतु केंद्र सरकार द्वारा कुछ विधानसभाओं को 1950 एवं 1960 के दशक में इनकी अवधि समाप्त होने के पूर्व ही भंग करने के चलते कुछ विधानसभाओं के चुनाव लोकसभा से अलग कराने की आवश्यकता पड़ी थी, उसके बाद से लोकसभा, विभिन्न राज्यों की विधानसभाओं एवं स्थानीय स्तर पर नगर निगमों, निकायों एवं पंचायतों के चुनाव अलग-अलग समय पर कराए जाने लगे। आज स्थिति यह हो गई है कि लगभग प्रत्येक सप्ताह अथवा प्रत्येक माह भारत के किसी न किसी भाग में चुनाव हो रहे होते हैं। ऐसा कहा जा रहा है कि पिछले पांच वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष केवल 65 दिन ऐसे रहे हैं जब भारत के किसी स्थान पर चुनाव नहीं हुए हैं। किसी भी देश में चुनाव कराए जाने पर न केवल धन खर्च होता है बल्कि जनबल का उपयोग भी करना पड़ता है। जनबल का यह उपयोग एक तरह से अनुत्पादक श्रम की श्रेणी में गिना जाना चाहिए क्योंकि इस प्रकार के श्रम से किसी प्रकार का उत्पादन तो होता नहीं है परंतु एक तरह से श्रमदान जरूर करना होता है। यह श्रम यदि बचाकर किसी उत्पादक कार्य में लगाया जाय तो केवल कल्पना ही की जा सकती है कि इस श्रम से देश के सकल घरेलू उत्पाद में अतुलनीय वृद्धि दर्ज की जा सकती है। अमेरिकी थिंक टैंक के एक अर्थशास्त्री के अनुसार, देश में बार बार चुनाव कराए जाने के चलते उस देश का सकल घरेलू उत्पाद लगभग एक प्रतिशत से कम हो जाता है। चुनाव कराने के लिए होने वाले खर्च पर भी यदि विचार किया जाय तो भारत में केवल लोकसभा चुनाव कराने के लिए ही 60,000 करोड़ रुपए का खर्च किया जाता है। आप कल्पना कर सकते हैं कि इस राशि में यदि विभिन्न प्रदेशों की विधानसभाओं, नगर निगमों, निकायों एवं ग्राम पंचायतों के चुनाव पर किए जाने वाले खर्च को भी जोड़ा जाय तो खर्च का यह आंकड़ा निश्चित ही एक लाख करोड़ रुपए के आंकडें को पार कर जाएगा।

उक्त बातों के ध्यान में आने के पश्चात केंद्र सरकार ने विचार किया है कि भारत में ह्वन नेशन वन इलेक्शनह्व के नियम को लागू किया जाना चाहिए। इस विचार को आगे बढ़ाने एवं इस संदर्भ में नियम आदि बनाने के उद्देश्य से भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जी की अध्यक्षता में विशेष समिति का गठन किया गया था। इस समिति ने अपनी रिपोर्ट हाल ही में राष्ट्रपति/केंद्र सरकार को सौंप दी है। इसके बाद, केंद्र सरकार के मंत्रिमंडल की समिति ने इस रिपोर्ट को स्वीकृत कर लिया है एवं इसे अब लोकसभा एवं राज्यसभा के सामने विचार के लिए प्रस्तुत किया जाएगा।

किसी भी देश की लोकतंत्रीय प्रणाली में समय पर चुनाव कराना एक महत्वपूर्ण कार्य होता है। चुनाव किस प्रकार हों, समय पर हों एवं सही तरीके से हों, इसका बहुत महत्व होता है। परंतु देश में चुनाव बार-बार होना भी अपने आप में ठीक स्थिति नहीं कही जा सकती है। विश्व के कई देशों, यथा स्वीडन, ब्राजील, बेलजियम, दक्षिण अफ्रीका, आदि में समस्त प्रकार के चुनाव एक साथ ही कराए जाने के नियम का पालन सफलतापूर्वक किया जा रहा है। चुनाव एक साथ कराने के कई फायदे हैं जैसे इन देशों में चुनाव कराने सम्बंधी खर्चों पर नियंत्रण रहता है। दूसरे, सुरक्षा हेतु पुलिसकर्मियों एवं चुनाव करवाने के लिए स्थानीय कर्मचारियों की बड़ी मात्रा में आवश्यकता को कम किया जा सकता है।

तीसरे, देश में चुनाव एक साथ कराने से अभिशासन पर अधिक ध्यान दिया जा सकता है एवं चौथे विभिन्न स्तर के चुनाव एक साथ कराने से चुनाव में वोट डालने वाले नागरिकों की संख्या में निश्चित ही वृद्धि होती है क्योंकि नागरिकों को मालूम होता है कि पांच साल में केवल एक बार ही वोट डालना है अतः वह अन्य कार्यों को दरकिनार करते हुए अपने वोट डालने के अधिकार का उपयोग करना पसंद करता है। इसी प्रकार यदि कोई नागरिक किसी अन्य नगर यथा दिल्ली में कार्य कर रहा है और उसके मुंबई का निवासी होने चलते उसे वोट डालने के लिए मुंबई जाना होता है तो पांच वर्ष में एक बार तो इस महान कार्य के लिए वह दिल्ली से मुंबई आ सकता है परंतु पांच वर्षों में पांच बार तो वह दिल्ली से मुंबई नहीं जा पाएगा। इसके अलावा लोकसभा, विधानसभाओं, स्थानीय निकायों एवं पंचायतों के चुनाव अलग अलग होने से विभिन्न पार्टियों के पदाधिकारी, इनमें केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों के मंत्री आदि भी शामिल रहते हैं, अपना सरकारी कार्य छोड़कर चुनाव प्रचार के लिए अपना समय देते हैं। जबकि, यह समय तो उन्हें देश एवं प्रदेश की सेवा में लगाना चाहिए। इससे देश में अभिशासन की गुणवत्ता पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है। वन नेशन वन इलेक्शन के लिए गठित उक्त विशेष समिति ने यह सलाह दी है कि शुरूआत में लोकसभा एवं समस्त प्रदेशों की विधान सभाओं के चुनाव एक साथ कराए जा सकते है। यदि ऐसा होता है तो यह भी सही है कि देश में लोकसभा एवं विधान सभा चुनाव एक साथ कराने के लिए संसाधनों की भारी मात्रा में आवश्यकता पड़ेगी, इसका हल किस प्रकार निकाला जाएगा इस पर भारतीय संसद में विचार किया जा सकता है। साथ ही, भारत में 6 राष्ट्रीय दल, 54 राज्य स्तरीय दल एवं 2000 से अधिक गैर मान्यता प्राप्त दल हैं जिनके बीच में सामंजस्य स्थापित करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

साथ ही, भारत में अंतिम बार लोकसभा एवं विधानसभाओं के चुनाव एक साथ 1960 के दशक में कराए गए थे। आज भारतीय नागरिकों को भी शिक्षित करने की आवश्यकता होगी कि लोकसभा, विधान सभाओं एवं स्थानीय निकायों के चुनाव एक साथ किस प्रकार कराए जा सकते हैं ताकि उन्हें वोट डालने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। इन समस्याओं का हल भारतीय संसद में चर्चा के दौरान निकाला जा सकता है। यदि किसी कारण से केंद्र में लोकसभा अथवा किसी प्रदेश में विधानसभा पांच वर्ष की समय सीमा के पूर्व ही गिर जाती है तो लोकसभा अथवा उस प्रदेश की विधान सभा के चुनाव शेष बचे हुए समय के लिए पुनः कराए जा सकते हैं, ऐसे प्रावधान को कानूनी रूप प्रदान दिया जा सकता है। इससे विभिन्न राजनैतिक दलों के सांसदों एवं विधायकों पर भी यह दबाव रहेगा कि वे लोकसभा अथवा विधानसभा को समय पूर्व भंग कराने अथवा गिराने का प्रयास नहीं करें।वन नेशन वन इलेक्शन के सम्बंध में कुछ संशोधन तो देश के वर्तमान कानून में करने ही होंगे और फिर पूर्व में भी विभिन्न विषयों पर अलग अलग खंडकाल में (समय-समय पर) 100 बार से अधिक संशोधन कानून में किए ही जा चुके हैं।

**(लेखक, वरिष्ठ स्तम्भकार एवं आर्थिक मामलों के विशेषज्ञ हैं।)**

# क्रोध की हालत में सही निर्णय नहीं हो पाता है

**अध्यात्म**

क्रोध विनाश का कारण बन जाता है। क्रोध कभी नहीं करना चाहिए। यह व्यक्ति की मति मार देता है, बुद्धि हर लेता है। इसके वशीभूत होकर लोग अक्सर गलत कदम उठा लेते हैं। इसकी वजह से इंसान सही-गलत में अंतर नहीं कर पाता है और वहशीपन पर उतारू हो जाता है। इसके प्रभाव में आदमी अपनापन, स्नेह, लगाव, प्रेम, आत्मीयता तो छोड़िए, अपना अस्तित्व तक भूल जाता है। क्रोध की अवस्था में किसी व्यक्ति और खूंखार जानवर में कोई फर्क नहीं रह जाता है। इंसान का रोष उसके लिए कई बार अभिशाप के रूप में भी सामने आता है। यह मानव मन की एक भावना है, जिसे अक्सर अच्छा नहीं माना जाता है। क्रोध का जनक भय भी माना जाता है। जब इंसान भय पर नियंत्रण करने की कोशिश करता है तो वह रोष के रूप में प्रकट होता है। कहा गया है कि काम, क्रोध, मद, लोभ, मोह ये सब जीवन के सबसे बड़े शत्रु हैं। एक गुरु अपने शिष्यों को हमेशा अच्छाई और सदाचार का प्रचार-प्रसार करने की शिक्षा दिया करते थे। वह कहते थे कि केवल उपदेश देने में समय न गंवाना, बल्कि अपने हाथों से दीन-दुखियों, पीड़ितों, असहायों, निराश्रितों की अधिक से अधिक सेवा करना। किसी के यहां जाकर प्रेमपूर्वक सहायता मांगने पर अगर वह आपके साथ अमर्यादित आचरण करे, तब भी उस पर क्षोभ मत करना। वह जानते थे कि धन, संपत्ति संग्रह करने की प्रवृत्ति भय, कलह पैदा करती है। इसलिए वह अपने शिष्यों को समझाते कि अपने पास अपनी जरूरत भर की ही चीजें रखना। अधिक का संग्रह मत करना। भिक्षा में जो भोजन मिल जाए, उसी से संतुष्ट रहना। उन्होंने यह भी कहा कि लोग तुम्हारा विरोध करेंगे, उत्पीड़न भी करेंगे। लेकिन बहुत सावधानीपूर्वक शांति और धैर्य बनाए रखना। यह मानकर चलना कि वे शरीर को नुकसान पहुंचा सकते हैं, आत्मा को नहीं। कारण बताते थे, आत्मा तो अमर, अजर और अविनाशी है। वह समझाते थे- सत्य, अहिंसा पर अटल रहने वाले को कोई नहीं मार सकता। जो तुम्हारा तिरस्कार करता है, वह स्वयं भगवान का तिरस्कार करता है, क्योंकि उसी भगवान ने हम सबको बनाया है। भगवान श्रीकृष्ण ने क्रोध को नर्क का द्वार बताया है। उन्होंने कहा है कि जो मनुष्य बात-बात पर तैश में आ जाता है, वह जीवन में कभी तरक्की नहीं कर पाता है और जीवन में हमेशा दुखी रहता है। क्रोध की हालत में मनुष्य कभी सही निर्णय नहीं कर पाता है। गुस्से की हालत में व्यक्ति खुद का भी नहीं रहता। वह अर्थहीन बातें करने लगता है। शास्त्रों में इसे मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु माना गया है। ऐसे में व्यक्ति अपना आपा खोकर कुछ भी कर बैठता है। रोष और आंधी को एक समान बताया गया है। दोनों के शांत होने पर ही पता चलता है कि नुकसान कितना हुआ। भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है कि क्रोध सभी विपत्तियों का मूल कारण है। यह सांसारिक बंधन का कारण है, धर्म का नाश करने वाला है, इससे भ्रम पैदा होता है और बुद्धि खराब होती है।

## पत्र

### स्वच्छ भारत अभियान का एक दशक

**साल 1901** के कोलकाता के कांग्रेस अधिवेशन में दक्षिण अफ्रीका से हिस्सा लेने पहुंचे गांधी को अजीब अनुभव हुआ। प्रतिनिधियों को ठहरने वाले शिविर में सफाई की हालत बेहद खराब थी। कई प्रतिनिधि ऐसे थे, जिन्होंने उन कमरों के बाहर बने बरामदे का ही शौचालय के रूप में इस्तेमाल कर दिया। दुर्गंध और गंदगी के बावजूद दूसरे प्रतिनिधियों को इस पर कोई ऐतराज नहीं था। लेकिन गांधी जी से बर्दाश्त नहीं हुआ। तब तक वे पश्चिमी वेशभूषा में रहते थे। अधिवेशन में सहयोग के लिए तैनात स्वयंसेवकों से गांधी जी ने स्वच्छता की बाबत बात की, तो उन्होंने टका-सा जवाब दे दिया था, ₹यह हमारा काम नहीं है, यह सफाईकर्मी का काम है।₹ गांधी जी से बर्दाश्त नहीं हुआ। उन्होंने अपने कपड़े उतारे, झाड़ू मंगवाई और वहां मौजूद गंदगी साफ को साफ करने में जुट गए। सफाई के बाद वे फिर से कोट-पैंट में आ गए। भारतीय राजनीति में तब तक गांधी का सितारा बहुत नहीं चमक पाया था। लेकिन उन्होंने राजनीति की दुनिया में सफाई के विचार का बीज रोप दिया। कोलकाता अधिवेशन में दिखी गंदगी का ही असर कह सकते हैं कि बाद के दिनों में उन्होंने विचार दिया, स्वतंत्रता से ज्यादा जरूरी स्वच्छता है। गांधी के रचनात्मक शिष्यों यथा बिनोबा, ठक्कर बापा आदि ने स्वच्छता और सफाई के इस गुर को बहुत आगे बढ़ाया।

**के शर्मा, रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## साहेबगंज में दुर्गापूजा को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

# कोई असामाजिक तत्व अप्रिय घटना को अंजाम न दें : उपायुक्त

मेट्रो रेज



**साहिबगंज :** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में दुर्गा पूजा दशहरा पर्व को देखते हुए विधि व्यवस्था संधारण हेतु शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक में उपायुक्त ने विभिन्न प्रखण्डों अंतर्गत थाना क्षेत्रों में कितने पूजा समितियां हैं ।लाइसेंसी पंडाल कितने हैं।आदि की जानकारी ली तथा संबंधित पूजा समितियों से व्यवस्था को लेकर आ रही समस्याओं के विषय में जानकारी ली। थाना प्रभारी एवं संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पूजा पंडाल में श्रद्धालुओं की भीड़ आने की संभावना रहती है।तो पूजा समितियां सीसीटीवी कैमरा लगवाना, अग्निशामक एक्सटेंशन लगवाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने सीसीटीवी का पूरा फुटेज उपलब्ध कराने का निर्देश दिए ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर निगरानी रखी जा सके। विसर्जन के समय विधुत की वैकल्पिक व्यवस्था करने, मूर्ति विसर्जन के लिए बेरिकेडिंग की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें, साउण्ड यंत्र डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। प्रशासन द्वारा तय किये गए समय यानी अपराह्न 5:00 बजे से पूर्व चिन्हित किया गये स्थान पर विसर्जन कराने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने बताया कि सही जगह पर पुलिस बल प्रतिनियुक्त कर विधि व्यवस्था पर निगरानी रखी जाएगी। इस दौरान उपायुक्त ने भी सभी पूजा समितियां से कहा कि अपनी ओर से पूरी सतर्कता बरती जाए एवं प्रकाश, पानी आदि की संपूर्ण व्यवस्था रखें। भीड़ नियंत्रित करने के लिए प्रयास करते रहें। कोई असामाजिक तत्व अप्रिय घटना को अंजाम न दें। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारी, पूजा समितियां, अंचलाधिकारी एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को सभी व्हाट्सएप ग्रुप एवं अन्य सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया। ताकि किसी प्रकार की असामाजिक तस्वीर एवं पोस्ट साझा ना हो एवं ऐसी किसी प्रकार की पोस्ट या तस्वीर की जानकारी तत्काल एडमिन जिला नियंत्रण या संबंधित थाना क्षेत्र को दें। उपायुक्त ने संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देशित किया कि ड्रोन से निगरानी करवाना सुनिश्चित करें तथा, अग्निशमन कि सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने एवं किसी प्रकार की आग से संबंधित घटना होने पर तुरंत सभी व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया, इसके अलावे अग्निशमन विभाग को निर्देश दिए गए कि वह पुजा समिति के सदस्यों को प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया। इसके अलावे विसर्जन के दिन आपदा मित्रों को तैयार रहने का निर्देश भी दिया गया। सभी पूजा समिति संबंधित पदाधिकारी के साथ आपसी सामंजस्य स्थापित कर तालाब, नदियों में विसर्जन के अलावा एक वैकल्पिक व्यवस्था कर मूर्ति विसर्जन करना सुनिश्चित करें ताकि तालाब पोखर व नदियां प्रदूषण न हो। विभिन्न पूजा समितियां से आए सदस्य अपनी-अपनी समस्याएं उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक से साझा की। उपायुक्त ने कहा कि अपने स्तर से भी भीड़ को नियंत्रित करने यातायात की व्यवस्थाएं बनाने एवं सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखें। सीसीटीवी कैमरा सही जगह पर लगवाएं तथा किसी प्रकार के भद्दे गाने आदि न बजे इसका भी विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि पूजा पर्व के मौके पर सामाजिक तत्व विशेष रूप से एक्टिव हो जाते हैं जिसे पकड़ना और उन पर कार्रवाई करना भी जरूरी है। इसके लिए आप सभी का सहयोग भी आवश्यक है। इसमें प्रशासन का सहयोग करें एवं पूजा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो इस प्रयास में पुलिस और जिला प्रशासन का साथ दे। उपायुक्त पुलिस अधीक्षक ने शहर तथा ज़िले वासियों को दुर्गा पूजा नवरात्रि एवं दशहरे की शुभकामनाएं दी एवं कहा कि लोग शांतिपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाये इसके लिए ज़िला पुलिस प्रशासन कटिबद्ध है। वहीं जिले वासियों से दशहरे एवं विसर्जन के अवसर पर किसी भी प्रकार की सूचना या समस्या आने पर सीधे दिए गए। जिला नियंत्रण कक्ष के हेल्पलाइन नबरों पर कॉल करने का आग्रह किया है। ताकि किसी भी परिस्थिति में समय से पहुंचकर मामला सुलझाया जा सके।बैठक में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के अलावे उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, अनुमंडल पदाधिकारी सदर अंगार नाथ स्वर्णकार , राजमहल कपिल कुमार, संबंधित पुलिस उपाधीक्षक सभी थाना प्रभारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अंचल अधिकारी, संबंधित वरीय पदाधिकारी एवं पुजा समिति एवं अन्य उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने की भू अर्जन विभाग के कार्यों की समीक्षा



मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में विभिन्न प्रखण्ड के अंचलाधिकारी एवं संबंधित पदाधिकारियों के साथ एन0एच 80, भारत अंतर्देशीय जल मार्ग प्राधिकरण व अन्य परियोजनाओं से संबंधित भू अर्जन के कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। उपायुक्त ने जिले के विभिन्न अंचलों में सड़क निर्माण एवं अन्य योजनाओं के तहत विभिन्न विभागों द्वारा निर्माण की जाने वाली सड़क के लिए भूमि अधिग्रहण किये गए के संबंध में जानकारी ली।उपायुक्त ने राष्ट्रीय उच्च पथ एन0एच0-80 के तहत किए गए भू अर्जन की समीक्षा करते हुए भूमि अधिग्रहित किए गए थे ।उन रैयतों को मिलने वाली राशि की समीक्षा की एवं लाभुकों की संख्या की जानकारी लेते हुए बचे रैयतों के भुगतान की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की तथा उन्हें जल्द से जल्द भुगतान करने का निर्देश भी दिये।भारतीय अंतर्देशीय जल मार्ग प्राधिकरण की चर्चा करते हुए भारत अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण परियोजना के कार्यों तहत किए गए। भू -अर्जन की जानकारी ली एवं इससे संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी सदर अंगार नाथ स्वर्णकार, राजमहल कपिल कुमार, भू अर्जन पदाधिकारी छुटेश्वर कुमार दास व अन्य उपस्थित थे।

## जिला टॉस्क फोर्स खनन की बैठक संपन्न

मेट्रो रेज



**साहिबगंज :** समहरणालय सभागार में उपायुक्त -सह- अध्यक्ष जिला टॉस्क फोर्स खनन की बैठक हेमंत सती की अध्यक्षता में आहूत की गई।जिला खनन टास्क फोर्स के अध्यक्ष सह उपायुक्त के द्वारा सर्वप्रथम गत बैठक की कार्रवाही एवं उसके अनुपालन की समीक्षा की ।समीक्षा के क्रम में सभी सदस्यों से अनुपालन प्रतिवदेन की मांग की गयी। साथ ही यह भी निदेशित किया गया कि विचार-विमर्श के दौरान परिचर्चा की गयी सभी बिन्दुओ को कार्रवाई में अंकित की जाय एवं उसके अनुपालनार्थ से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराया जाय।उपायुक्त के द्वारा सभी अंचल अधिकारी को दिये गए निदेश के आलोक में खनन पट्टो की प्रशाखीय मापी की जा रही है। जिसमें पतना अंचल में 02 एवं मंडरो अंचल में 03 खनन पट्टो की मापी गयी है।उपायुक्त के द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी, साहेबगंज एवं राजमहल को दिये गये निदेश के आलोक में अपने अनुमंडल अन्तर्गत पड़ने वाले सभी क्रशर स्थल,खनन पट्टा क्षेत्र का केएम एल फाईल तैयार किए जाने का निर्देश दिया गया।उपायुक्त के द्वारा दिये गए निदेश के आलोक में जिले में परिवहन चालान प्राप्त कर खनिज लोड करने के बाद 05 घंटे के अंदर जिला सीमा के बाहर रहेंगे। अगर किसी कारणवश या नो इन्ट्री पड़ने पर 05 घंटे के अंदर जिला सीमा से बाहर नहीं जा पाते है तो इसकी लिखित सूचना फोटोग्राफ के साथ जिसमें समय भी अंकित हो के साथ जाँच पदाधिकारी को उपलब्ध करायेंगे।ताकि यथाशीघ्र विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।खनन पट्टा क्षेत्र में हो रहे विस्फोटकों का उपयोग की जाँच जिला टास्क फोर्स के सदस्यों द्वाराकी जा रही है।जिलान्तर्गत चल रहें अवैध बालू के भंडारण की जाँच सभी टास्क फोर्स के सदस्यों द्वारा की जा रही है। जाँच के क्रम में अवैध भंडारण परिवहन पाये जाने पर त्वरित कानूनी कार्रवाई भी की जा रही है। दिये गए निदेश के आलोक में अनुमंडल पदाधिकारी साहेबगंज एवं राजमहल द्वारा साहेबगंज जिलान्तर्गत संचालित सभी चेकनाका पर प्रत्येक सप्ताह दण्डाधिकारी का बदलाव किया गया है। निगरानी भी बनाये हुए है।

जाँच के क्रम में अवैध खनन एवं परिवहन में 02 प्राथमिकी एवं 5.22 लाख रुपये की जुमार्ना राशि की वसूली की गयी है।जिला में बालू, ईट मिट्टी, पत्थर इत्यादि के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण की रोकथाम हेतु टास्क फोर्स के सभी सदस्यों सभी अनुमण्डल पदाधिकारी को निरंतर छापामारी, स्थलीय निरीक्षण की संख्या बढाते हुए सघन कार्रवाई करने के दिए निर्देश के अनुपालन के सम्बंध में बताया गया।कि जिलान्तर्गत विभिन्न मार्गों पर औचक वाहन चेंकिग अभियान चलाया जा रहा है। अनुमंडल पदाधिकारी साहेबगंज एवं अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल को निर्देशित करते हुए कहा कि संबंधित चेक नाको पर जा रहे वाहनों का प्रपत्र चेक करें उन्हें अपने पास संग्रहित करेंगे और सीसीटीवी वीडियो फुटेज भी समर्पित करेंगे। मौके पर उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, अनुमंडल पदाधिकारी साहेबगंज अंगार नाथ स्वर्णकार, अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल कपिल, जिला खनन पदाधिकारी कृष्ण कुमार किस्कू, जिला के वरीय पदाधिकारी समेत, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं सभी थाना प्रभारी सम्मिलित उपस्थित थे।

## फोन पे से सट्टे के लिए घर के नौकर ने किया विश्वासघात

# 18 लाख 14 हजार पांच सौ किया अगल-अलग अकाउंट में ट्रांसफर

मेट्रो रेज



**डोमचांच।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कालीमंडा निवासी व व्यवसायी ओमप्रकाश वर्णवाल पिता स्व. छोटेलाल वर्णवाल से विश्वासघात कर फोन पे से रुपए को दूसरे अन्य लोगों के खाता में डालकर सट्टा खेलने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबध में ओमप्रकाश वर्णवाल ने डोमचांच थाना में आवेदन देकर एक मामला दर्ज कराया है। आवेदन में कहा गया कि, मनु मेहता पिता दिलीप मेहता काली मंडा, नीचे टोला, डोमचांच निवासी पिछले तीन वर्षों से मेरे घर में घरेलु नौकर का काम करते आ रहा है, जिसके कारण घर का विश्वासी सदस्य बन गया, जिसके कारण मेरे बैंक खाता जो भारतीय स्टेट बैंक शाखा डोमचांच के खाता नं0-11657935072 की सारी जानकारी उसे था। वह मेरा फोन पे का पासवर्ड जान गया। मेरे खाता से भिन्न-भिन्न तिथियों में करीब अठारह लाख चौदह हजार पांच सौ रूपया अन्य के खाता में डाल कर सट्टा खेला है। मुझे मनु मेहता द्वारा उपरोक्त सारा रूपया निकालने की जानकारी घर में लगे सीसीटीवी कैमरा से 27 सितम्बर को हुई। मैं अपना मोबाईल फोन अपने बगल में रखा था, उसी बीच दोपहर 2.39 मिनट में मेरे मोबाईल के फोन पे से मनु मेहता के द्वारा दिप्ती कुमारी सिंह के नाम पर नब्बे हजार रूपया भेज कर फिर मेरा मोबाईल मेरे ही बगल में रख दिया, जिसे सीसीटीवी में देखा जा सकता है। मुझे फोन पे का हिस्ट्री चेक करने नहीं आता था, लेकिन जब जानकारी लेकर चेक किये तो मुझे पता चला कि, मेरे खाता से करीब अठारह लाख चौदह हजार पांच सौ रूपया का निकासी हो गया है, जिसका पूर्ण विवरण आवेदन के साथ संलग्न है। सट्टा खेल को खेलवाने में राजेश कुमार मेहता, पिन्टु कुमार मेहता पिता मुन्नी लाल मेहता, इन्हीं दोनों के कारण मनु मेहता मेरे फोन पे से उपरोक्त राशि को अन्य के खाते में भिजवाया है। अमित कुमार मेहता मसनोडीह के खाता में 23 अप्रैल तथा 25 अप्रैल को क्रमशः 30 हजार तथा 25 हजार रूपया भेजा गया था, जिसे दबाव बनाने के बाद पुनः मेरे ही खाता में 29 सितम्बर को 55 हजार रूपया डाला गया। उसी तरह विद्या राम मेहता, बिगहा के खाता में मेरे खाता से 26 सितम्बर को 90 हजार रूपया भेजा गया था जिसे दबाव बनाने के बाद पुनः 90 हजार रूपया मेरे खाता में 29 सितम्बर को भेजा गया। कुन्दन कुमार के खाता में दिनांक 27 अगस्त को 72 हजार रूपया भेजा गया जिसे 30 सितम्बर को 72 हजार रूपया मेरे बेटे बिपिन बिहारी वर्णवाल के फोन पे पर भेजा गया है। वहीं तीन अप्रैल को विद्या विभूति के फोन पे नंबर पर 20 हजार रूपया भेजा गया था जिसे विद्या विभूति के द्वारा मेरे बेटे विपिन बिहारी वर्णवाल के फोन पे नंबर पर 30 सितम्बर को भेजा गया। आवेदन में पीड़ित ने मनु मेहता उसके सहयोगी राजेश कुमार मेहता, पिन्टु कुमार मेहता तथा जिसके खाता में रूपया भेजा गया है क्रमशः विद्या विभूति, सप्पु मेहता (पंकज मेहता), अमित कुमार मेहता, नसीब आलम, सत्यम कुमार चौधरी, राजेन्द्र फार्मा, माधुरी देवी, कामेश्वर प्रसाद, मो रब्बानी, कुन्दन कुमार, सतीश कुमार महतो, राहुल कुमार, दिप्ती कुमारी सिंह, विद्या राम मेहता वगैरह के विरूद्ध घोखा घड़ी करने एवं सट्टेबाजी के द्वारा नाजायज रूप से रूपया हड़पने के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## 5 अक्टूबर से सेविका सहायिका अनिश्चितकालीन हड़ताल पर



मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** झारखंड राज्य समाज कल्याण आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के आव्हान पर साहिबगंज जिला अध्यक्ष सबाना आजमी की अध्यक्षता में सदर प्रखंड परिसर में बैठक हुई।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में संयुक्त संघर्ष मोर्चा के संयोजक भारत यादव मौजूद थे।बैठक में जिला अध्यक्ष सबाना आजमी ने बताया कि संघ पिछले कई सालों से 8 सूत्री मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे है। लेकिन सरकार को हमारी फिक्र नहीं है।उन्होंने बताया कि अपनी मांगों को लेकर संघ बीते दिनों 23 सितम्बर को रांची में मुख्यमंत्री आवास का घेराव भी किया।लेकिन सरकार ने हमारी मांगो को नजर अंदाज कर दिया।वही जिला अध्यक्ष ने बताया कि सरकार के वादा खिलाफी के विरोध में अपनी मांगों के समर्थन में 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर गांधी चौक से स्टेशन चौक तक मशाल जुलूस निकाला जाएगा। वही 5 अक्टूबर से सभी सेविका सहायिका अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।बैठक में संयुक्त संघर्ष मोर्चा के संयोजक भारत यादव, शबनम आरा,सोनी खातून,पुष्पां देवी, सरस्ती देवी, सुमन कुमारी, रीना देवी,रेखा देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### चाकू बाजी के मामले में आसिफ गिरफ्तार

**साहिबगंज :** नगर थाना क्षेत्र के दुसाध पाड़ा निवासी आसिफ को पुलिस ने चाकू बाजी के मामले में गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि रविवार की इराक आसिफ ने गूल्लीभट्टा पांचमोड़ निवासी यासमीन खातून 50 वर्षीय व भतीजा आदिल अंसारी को इंजेक्शन व चाकू से मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस मामले में उसकी गिरफ्तारी कर पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया।

## न्यूज IN ब्रीफ

### बाइक की हुई चोरी

**साहिबगंज :** रेलवे स्टेशन परिसर से शांति नगर निवासी रेल कर्मी सुनील कुमार शाह का बाइक जेएच18एफ 3339 चोरी हो गई। बाइक चोरी होने की शिकायत उन्होंने जीआरपी पुलिस से किया। जानकारी के अनुसार सुनील कुमार अपनी बाइक उप स्टेशन प्रबंधक कार्यालय के समीप लगाकर प्लेटफार्म चले गए ।कुछ देर बाद वापस आए तो देखा की बाइक नहीं है। पूरे स्टेशन परिसर में खोजबीन किया लेकिन उनका बाइक नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने बाइक चोरी होने को लेकर जीआरपी पुलिस को आवेदन देकर बरामदगी कि गुहार लगाया हैं।

### डॉक्टर की पत्नी ने एसपी से लगाई गुहार

**साहिबगंज :** शहर में चर्चित एक कथित डॉक्टर अजय कुमार की पत्नी ने एसपी से उनके खिलाफ शिकायत की ही। अर्जुन नगर निवासी पुष्पांजलि कुमारी ने एसपी को दिए आवेदन में बताया कि कथित डॉक्टर अजय कुमार ने अविवाहित होने का विश्वास दिला कर 2019 में उसके साथ शादी की थी। उन्हें बाद में पता चला कि डॉ अजय शादीशुदा हैं। उसकी एक पत्नी का नाम कल्पना है। शादी के 8 महीने बाद से ही डॉक्टर व उसकी पत्नी ने गाली-गलौज शुरू कर दी। उक्त पत्नी के बहकावे में अब उन्हें घर से भगाने की धमकी दी जा रही है। डॉक्टर का अवैध संबंध किसी नर्स के साथ भी है। उक्त नर्स अब उन्हें धमकी दे रही है। कि डॉ अजय से उसे एक पुत्र हुआ है। जितना जल्दी हो अर्जुन नगर का घर व जमीन छोड़ कर चली जाओ। उन्हें पूर्ण विश्वास है। कि डॉ अजय अपनी ड्राइवर व उक्त नर्स के साथ साजिश रच उसकी हत्या करवा सकते हैं। पीड़िता ने मामले में न्याय की गुहार लगाई है।

### फटा नोट न लेने पर ग्राहक के साथ मारपीट, युवक घायल

**साहिबगंज :** नगर थाना क्षेत्र के रसूलपुर दहला निवासी स्वर्गीय अमरनाथ तांती के 25 वर्षीय पुत्र संजीव तांती को वही के रहने वाले तीन लोगों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।वही घायल संजीव कुमार तांती ने बताया की मजदूरी करके अपने घर जा रहे थे। तभी रास्ते मे आनंद मोदी के किराना की दुकान से कुछ समान लिया। पैसा वापस मे मुझे ?10 का फटा नोट दे दिया । मैने बदलने को कहा तो मेरे साथ हातापाई करने लगा वही फिर दीपक मोदी ,राजेश मोदी आया और लाठी डंडा राड से मारकर घायल कर दिया। वही फिर रेलवे पटरी पर घसीट कर जान मरने की नियत से ले जा रहा था तभी मै किसी तरह अपनी जान बचाकर इलाज के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल आए जहां डॉक्टर शाहबाज हुसैन के देख रेख मे इलाज किया जा रहा है। वही नगर थाना प्रभारी ने बताया किया की सूचना मिलने पर करवाई की जायेगी।

### तीनपहाड़ आजीविका महिला संकुल स्तरीय स्वाबलंबी सहकारी समिति लिमिटेड की वार्षिक आम सभा



**साहिबगंज :** पलाश जेएस एलपीएस के तत्वावधान में साहिबगंज के प्रखण्ड-राजमहल, पंचायत-बाबुपुर के तीनपहाड़ आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्रथमिक स्वाबलंबी सहकारी समिति लिमिटेड की वार्षिक आम सभा एवं सी एल एफ का उद्घाटन किया गया।इस संकुल में कुल 5 पंचायतों के 26 राजस्व ग्रामों से जुड़े 241 सखी मंडलों की कुल 2842 महिलाएं सम्मिलित हैं।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं की आजीविका को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें विभिन्न योजनाओं से जोड़ना था। संकुल संगठन द्वारा महिलाओं को ऋण सुविधाएं, जैसे सामुदायिक निवेश निधि, चक्रीय निधि और कैश क्रेडिट लिंकेज, उपलब्ध कराकर उन्हें स्वरोजगार और आजीविका के नए अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 का आय-व्यय विवरण वार्षिक आम सभा में वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। इस दौरान बताया गया कि संकुल को कुल ?37,056 का वार्षिक लाभ हुआ है, जो संगठन की वित्तीय प्रबंधन और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को दशार्ता है। संकुल का वित्तीय वर्ष 2023-24 का पुस्तक का अनावर संकुल द्वारा वित्तीय गैर वित्तीय एवं आजीविका गतिविधियों का वृस्तत ब्यौरा को बढ़ते कदम की ओर पुस्तक का भी मुख्य अथितियों एवं संकुल के पदाधिकारी के द्वारा संयुक्त रूप से अनावरण किया गया। महिला सशक्तिकरण संकुल के माध्यम से 17 महिला कैडर ग्रामीण क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं, जो स्वयं की आजीविका के साथ-साथ अन्य महिलाओं को भी सशक्त, स्वावलंबी और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उनके प्रयासों के चलते ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को स्थायी रोजगार और स्वरोजगार के अवसर मिल रहे हैं।उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मान कार्यक्रम के दौरान रामचौकी आजीविका ग्राम संगठन को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया साथ ही प्रखंड कार्यालय में चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं में उत्कृष्ट कार्य करने के लिये कैडर को सम्मानित किया. यह सम्मान उनके के महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रदान किया गया। मेरी जुबानी, मेरी कहानी₹ सत्र में लखपति दीदी का सफरमेरी जुबानी, मेरी कहानी सत्र में नमिता दास, रिया कुमारी बेबी मोदी एवं प्रेमलता देवी ने अपनी प्रेरणादायक यात्रा साझा करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने लखपति दीदी बनने का सफर तय किया। उन्होंने इस यात्रा की शुरूआत सखी मंडल से की, जहाँ उन्होंने आर्थिक स्वतंत्रता के महत्व को समझा और अपने जीवन को बदलने की दिशा में कदम बढ़ाए। इस वर्ष कुल 855 महिलाएँ लखपति दीदी बन चुकी हैं।जो इस पहल की बड़ी सफलता को दशार्ता है। दुर्शिला की सफलता की कहानी अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बनी, और उन्होंने अन्य दीदियों को भी आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने अनुभवों और संघर्षों के माध्यम से यह संदेश दिया कि दृढ़ संकल्प और सामूहिक सहयोग से कोई भी आर्थिक स्वतंत्रता प्राप्त कर सकता है।युवाओं और किसानों के लिए विशेष कार्यक्रम डीडीयु-जीकेवाईऔर आर एस ईटीआई कार्यक्रमों के तहत ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके साथ ही, उन्नत और तकनीकी खेती के लिए किसानों को विशेष प्रशिक्षण एवं बीज उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे उनकी कृषि उत्पादकता में वृद्धि हो रही है।विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पलाश जेएस एलपीएस के जिला कार्यक्रम प्रबंधक मतीन तारीख, जिला प्रबंधक वित्तीय समावेशन एच.एन मिश्रा, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक राजेश कुमार , तीनपहार थाना के प्रभारी महोदय , बाबुपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अमरेंद्र सिंह , समुदायिक समन्वयक रतीलाल कुमार ,ढफ्छ संतोष कुमार , सचिव बबीता देवी कोषाध्यक्ष मीना हंसदा, एवं सैकड़ों सखी मंडलों की महिलाएं भी इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के साक्षी बनें।

# गोल्डन शिमरी गाउन में जान्हवी कपूर ने आईफा अवार्ड्स में बिखेरा जलवा



मनोरंजन से भरपूर आईफा अवाड्र्स 2024 की शुरुआत हो चुकी है। आईफा अवाड्र्स के ग्रीन कार्पेट पर बॉलीवुड तमाम हसिनाएं नजर आईं। बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर आईफा अवाड्र्स में गोल्डन स्ट्रैपलेस गाउन पहनकर हुसन का जलवा बिखेरती नजर आईं। गोल्डन शिमरी गाउन में जान्हवी एकदम बला की खूबसूरत लग रही हैं। एक्ट्रेस गले में Bvlgari हाई ज्वेलरी नेकलेस पहनना हुआ है और खुले बाल के साथ ही जान्हवी ने एकदम मिनिमल मेकअप में नजर आ रहीहै। फैशन डिजाइनर गौरव गुप्ता द्वारा डिजाइन किया गया कस्टम मेड गाउन, जान्हवी के कर्व्स भी नजर आ रहे है और इसके साथ ही अभिनेत्री के ग्लैमर लुक बड़ा ही कमाल का नजर आ रहा है। कमर और नेकलाइन के चारों ओर न्यूनतम मूर्तिकला ने कस्टम गाउन में नाटकीयता जोड़ दी।

### जान्हवी कपूर का लुक देखें

जान्हवी का यह लुक सेलिब्रिटी अमी पटेल द्वारा स्टाइल किया गया। जान्हवी ने एक भव्य ब्ल्गारी हाई ज्वेलरी नेकलेस स्टाइल किया है। हीरे और रत्नों से जड़ित, शानदार आभूषणों ने जान्हवी के स्टाइल स्टेटमेंट में चार चांद लगा दिए।

अपने प्रतिष्ठित ग्रीन कार्पेट पल से पहले, जान्हवी ने इंस्टाग्राम पर अपने ग्लैमरस लुक की तस्वीरों को इंस्टाग्राम पर शेयर किया है।

### आईफा में जान्हवी करेंगी परफॉर्मेंस

**देवारा की सफलता के बाद, जान्हवी आईफा 2024 में प्रदर्शन करेंगी और हम उन्हें मंच पर आग लगाते हुए देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकते। आईफा अवार्ड्स 2024 में कृति सेनन, शाहिद कपूर, विक्की कौशल, सदाबहार स्टार रेखा और अनन्या पांडे भी प्रस्तुति देंगी।**

‘बिग बॉस’ 18: सलमान खान के रियलिटी शो के लिए

# 'नागिन' एक्ट्रेस निया शर्मा हुई कंफर्म



बिग बॉस' के आगामी सीजन के लिए पहली उम्मीदवार टेलीविजन अभिनेत्री निया शर्मा होंगी, जो ‘नागिन’ और अन्य प्रशंसित टीवी शो में अपनी उपस्थिति के लिए जानी जाती हैं। सलमान खान 6 अक्टूबर को लॉन्च होने वाले लोकप्रिय रियलिटी शो के 18वें सीजन के लिए होस्ट के रूप में वापस आएंगे। ‘खतरों के खिलाड़ी सीजन 14’ के ग्रैंड फिनाले के दौरान, होस्ट रोहित शेट्टी ने निया की बिग बॉस 18 में भागीदारी की पुष्टि की, जिससे उनकी एंट्री को लेकर अटकलों पर विराम लग गया। केकेके 14 के रोमांचक फिनाले के दौरान, लाफ्टर शेफ प्रतिभागियों निया शर्मा, भारती सिंह और कश्मीरा शाह के साथ एक खास पल सामने आया, जिसमें एक अनोखे कारण से अतिथि भूमिका में नजर आईं।

### रोहित शेट्टी ने बिग बॉस 18 में निया शर्मा के भाग लेने की पुष्टि की

खतरों के खिलाड़ी 14 के फिनाले के दौरान, लाफ्टर शेफ प्रतिभागी निया शर्मा, भारती सिंह और कश्मीरा शाह ने अतिथि भूमिका निभाई। उनके आने पर, शेट्टी ने खुलासा किया कि निया बिग बॉस के घर में प्रवेश करेंगी। उन्होंने उन्हें शुभकामनाएं दीं लेकिन अभिनेत्री घबराई हुई लग रही थीं। शो में, निया ने केकेके 14 के प्रतियोगी और पूर्व बिग बॉस प्रतिभागी अभिषेक कुमार से उन्हें शुभकामनाएं देने के लिए कहा। उन्होंने जवाब देते हुए कहा कि वह उनका समर्थन करेंगे और उनके लिए वोट करेंगे। निया शर्मा को बार-बार शो में भाग लेने का प्रस्ताव दिया गया है। हालांकि, उन्होंने हमेशा इसे ठुकरा दिया है। वह इससे पहले बिग बॉस ओटीटी सीजन 1 में कुछ दिनों के लिए मेहमान के तौर पर घर में आई थीं।

### बिग बॉस 18 के बारे में वह सब कुछ जो आपको जानना चाहिए

सलमान खान ने विवादित रियलिटी शो 'बिग बॉस 18' के नए सीजन के प्रीमियर की तारीख की घोषणा की। कलर्स टीवी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो घोषणा की, जिसमें खुलासा किया गया कि समय बीत रहा है और साल का सबसे अच्छा समय करीब है क्योंकि 'बिग बॉस' का ग्रैंड प्रीमियर 6 अक्टूबर को रात 9 बजे होगा। इस साल 'बिग बॉस 18' की थीम भविष्य के इर्द-गिर्द घूमेगी। पहले बताया गया था कि थीम घर के डिजाइन और फॉर्मेट में बदलाव में भी दिखाई देगी। सीजन 18 के प्रोमो में सलमान खान यह भी कहते हुए नज़र आ रहे हैं कि 'बिग बॉस' किस तरह प्रतियोगियों के भविष्य को उजागर करेगा और इस बार यह 'टाइम का तांडव' होगा। बिग बॉस 18 के लिए प्रतियोगियों के अंतिम सेट की पुष्टि करना अभी बाकी है। हालांकि, इंटरनेट पर कई नाम चर्चा में हैं। प्रमुख नामों में करण वीर मेहरा, नायरा बनर्जी, चाहत पांडे, शहजादा धामी, अविनाश मिश्रा, निया शर्मा, शोएब इब्राहिम, धीरज धूपर, समीरा रेड्डी, डॉली चायवाला, करण पटेल और ईशा कोप्पिकर शामिल हैं।

# वाईआरएफ की 'धूम 4' में निगेटिव लीड रोल करेंगे रणबीर कपूर




आदित्य चोपड़ा की 'धूम' फ्रैंचाइज़ बॉलीवुड की सबसे सफल एक्शन-थ्रिलर सीरीज़ में से एक है। 'धूम 4' को लेकर लगातार अटकलें लगाई जा रही हैं, और प्रशंसक बेसब्री से अगली किस्त का इंतज़ार कर रहे हैं। आमिर खान द्वारा 2013 में रिलीज़ हुई 'धूम 3' का नेतृत्व करने के बाद 'धूम 4' की कास्टिंग को लेकर काफ़ी अटकलें लगाई जा रही हैं। रिपोर्ट से पता चला है कि रणबीर के साथ कुछ समय से चर्चा चल रही थी। रणबीर कपूर के आने वाले प्रोजेक्ट्स की नई जानकारी से प्रशंसकों को बड़ा सरप्राइज मिला है। अभिनेता बॉलीवुड की सबसे बड़ी फ्रेंचाइजी में से एक धूम 4 में काम करने के लिए बातचीत कर रहे हैं। पिंकविला की एक नई रिपोर्ट के अनुसार, रणबीर धूम 4 में मुख्य भूमिका निभाएंगे, जो एक अभिनेता के रूप में उनकी 25वीं फिल्म होगी। यह प्रोजेक्ट, जो एक रीबूट होगा, वर्तमान में वाईआरएफ के आदित्य चोपड़ा द्वारा विकसित किया जा रहा है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, यशराज फिल्म्स में आदित्य चोपड़ा की देखरेख में 'धूम 4' आधिकारिक तौर पर प्री-प्रोडक्शन चरण में प्रवेश कर चुकी है। रिपोर्ट में यह भी खुलासा किया गया है कि 'धूम' आदित्य चोपड़ा के दिल के करीब एक फ्रैंचाइज़ी है, और उन्होंने इसे आधुनिक समय के हिसाब से रीबूट करने का फैसला किया है। पिछली फिल्मों की तरह, धूम 4 (जिसे धूम रीलोडेड भी कहा जाता है) की स्क्रिप्ट चोपड़ा और विजय कृष्ण आचार्य द्वारा विकसित की जा रही है। इस चौथी किस्त के साथ एक शानदार सिनेमाई अनुभव देने का लक्ष्य है। रणबीर के अलावा बाकी कास्टिंग जल्द ही होने वाली है और चौथी फिल्म में पुरानी धूम फिल्मों से किसी को भी कास्ट नहीं किया जाएगा।

रणबीर ने फ्रैंचाइज़ का नेतृत्व करने की पुष्टि की है फिल्म में रणबीर की भागीदारी और उनके शामिल होने के तरीके के बारे में बात करते हुए, सूत्र ने कहा, रणबीर के साथ चर्चा लंबे समय से चल रही थी। उन्होंने मूल विचार सुनने के बाद से ही धूम 4 का हिस्सा बनने में रुचि दिखाई थी और अब आखिरकार फ्रैंचाइज़ का नेतृत्व करने की पुष्टि हो गई है। आदि चोपड़ा को लगता है कि आरके धूम की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए आदर्श विकल्प हैं। आखिरी धूम फिल्म में आमिर खान, कैटरीना कैफ, अभिषेक बच्चन और उदय चोपड़ा ने काम किया था। यह 2013 में रिलीज हुई थी और बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही थी। धूम 4 रणबीर के करियर की 25वीं फिल्म होगी और उम्मीद है कि यह फिल्म 2025 के अंत या 2026 की शुरुआत में फ्लोर पर आ जाएगी। फिल्म में पुलिस-मित्र के रूप में दो नए चेहरे होंगे और रणबीर के नकारात्मक किरदार निभाने की संभावना है। रिपोर्ट में कहा गया है, धूम 4 में पुलिस के दोस्तों की जोड़ी की भूमिका निभाने के लिए युवा पीढ़ी के दो बड़े नायक आएंगे। धूम 4 को हॉलीवुड की एक्शन-बड़ी फिल्मों से मुकाबला करने के लिए एक बड़ी सिनेमाई तमाशा बनाने का विचार है। यह रणबीर के करियर की 25वीं फिल्म भी होगी और वह चाहते हैं कि यह एक बड़ा बेंचमार्क बने, जो एक अभिनेता के रूप में उनकी बहुमुखी प्रतिभा को परिभाषित करे। लोकप्रिय स्टार, जो आज 28 सितंबर को 42 वर्ष के हो गए, ने अब 2028 तक अपनी पाइपलाइन बुक कर ली है। रामायण 1 और 2 को खत्म करने के बाद, धूम 4 है, उसके बाद एनिमल पार्क है, जो उनकी मेगा-सफल एनिमल का प्रत्याशित सीक्वल है, जो पिछले साल रिलीज़ हुई थी।

## पांच सौ के नकली नोट पर अनुपम खेर की फोटो अभिनेता ने शेयर किया वीडियो



आज के तकनीक के युग में कुछ भी संभव है। हालात बदतर होते जा रहे हैं, खासकर एआई के आगमन के बाद से। हाल ही में मशहूर हस्तियों के डीपफेक वीडियो भी वायरल हुए। अब बॉलीवुड कलाकार अनुपम खेर की फोटो वाले पांच सौ के नोटों वीडियो वायरल हुआ है। इसका एक वीडियो खुद अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर कर हैरानी जताई है। अभिनेता अनुपम खेर ने पांच सौ के नोट पर महात्मा गांधी के स्थान अपनी फोटो छपे नोटों का वीडियो सोशलमीडिया पर पोस्ट कर लिखा, ₹अभी बोलें, 500 रुपये के नोट पर गांधीजी की फोटो की जगह मेरी फोटो? सच में कुछ भी हो सकता है।₹ इस चौंकाने वाले वीडियो ने हर किसी का ध्यान खींचा है। वीडियो में दिख रहे नोटों का आकार, रंग और डिजाइन बिल्कुल असली नोटों जैसा है। उन नोटों पर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की जगह रिजॉल्व बैंक ऑफ इंडिया लिखा हुआ है। इन नकली नोटों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उल्लेखनीय है कि अहमदाबाद में अनुपम खेर की फोटो वाले नकली नोट सर्राफा व्यापारी मेहुल ठक्कर के पास से मिले हैं। सर्राफा व्यापारी का कहना है कि व्यक्ति उन्हें एक करोड़ 60 लाख रुपये नोटों का बैग दे गया। जब बैग खोला गया, तो उसमें महात्मा गांधी की जगह से अनुपम खेर की फोटो वाले नकली नोट मिले। कारोबारी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# 69 की उम्र में 20 मिनट तक लगातार एक्ट्रेस रेखा ने किया डांस

आईफा रॉक्स 2024 में संगीत और सितारों से सजी एक अविस्मरणीय शाम देखने को मिली। यह रात इसलिए भी खास रही क्योंकि इसमें इंडस्ट्री की कुछ सबसे बड़ी प्रतिभाओं का जश्न मनाया गया। इस मौके पर सबसे आगे रहे पंजाबी सेंसेशन करण औजला, जो अपने चार्ट-टॉपिंग हिट्स के लिए जाने जाते हैं, जिन्होंने इंटरनेशनल ट्रेंडसेटर ऑफ द ईयर अवार्ड जीता। कई विजेताओं में से, संदीप रेड्डी वांगा ने फिल्म एनिमल के लिए एडिटिंग के लिए आईफा रॉक्स 2024 अवार्ड जीता। दर्शकों को अपनी सीटों से बांधे रखने के तरीके के लिए वांगा का काम सबसे अलग रहा, जिसने एनिमल को इस साल की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक बना दिया। बोस्को-सीजर ने फिल्म पठान में कोरियोग्राफी के लिए पुरस्कार जीता। कई विजेताओं में से, संदीप रेड्डी वांगा ने फिल्म एनिमल के लिए संपादन के लिए आईफा रॉक्स 2024 पुरस्कार जीता। दर्शकों को अपनी सीटों से बांधे रखने के तरीके के लिए वांगा का काम सबसे अलग रहा, जिसने एनिमल को इस साल की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक बना दिया। बोस्को-सीजर ने फिल्म पठान में कोरियोग्राफी के लिए पुरस्कार जीता। तीन दिवसीय समारोह की शुरुआत आईफा उत्सवम से हुई, जो दक्षिणी फिल्म उद्योगों- तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ को समर्पित एक कार्यक्रम है। 28 सितंबर, 2024 की रात को शाहरुख खान, विक्की कौशल और करण जौहर जैसे सितारे आईफा अवाड्र्स की रात दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए मेजबान के रूप में मंच पर आए। इसके अलावा रेखा ने लंबे अंतराल के बाद आईफा स्टेज पर अपनी बहुप्रतीक्षित वापसी की। शाहिद कपूर, कृति सेनन, अनन्या पांडे, जान्हवी कपूर और विक्की कौशल की प्रस्तुतियों ने इस भव्य शाम में चार चांद लगा दिए। आईफा 2024 का समापन 29 सितंबर, 2024 को अनन्य, केवल आमंत्रण वाले आईफा रॉक्स कार्यक्रम के साथ हुआ, जिसमें हनी सिंह, शिल्पा राव और शंकर-एहसान-लॉय जैसे कलाकारों ने लाइव प्रदर्शन किया।



# ब्राजीलियाई सीरी ए क्लब फ्लेमेंगो ने मुख्य कोच टिटे से नाता तोड़ा

**ब्राजील :** ब्राजील के पूर्व मुख्य कोच टिटे को ब्राजीलियाई सीरी ए क्लब फ्लेमेंगो ने सोमवार को बर्खास्त कर दिया। क्लब ने एक बयान में कहा कि 63 वर्षीय खिलाड़ी की जगह साल के अंत तक पूर्व एटलेटिको मैड्रिड, चेल्सी और फ्लेमेंगो के डिफेंडर फिलिप लुइस लेंगे। यह घोषणा ब्राज़ील की सीरी ए चैंपियनशिप में फ्लेमेंगो की एथलेटिको पैरानेंस पर 1-0 की घरेलू जीत के एक दिन से भी कम समय बाद आई। पिछले गुरुवार को, फ्लेमेंगो को कोपा लिबर्टाडोरेस - दक्षिण अमेरिका की शीर्ष क्लब प्रतियोगिता - से क्वार्टर फाइनल चरण में उरुग्वे के पेनारोल द्वारा बाहर कर दिया गया था। फ्लेमेंगो वर्तमान में 20-टीम ब्राज़ीलियाई सीरी ए स्टैंडिंग में चौथे स्थान पर है, और सीज़न में 10 गेम शेष रहते हुए शीर्ष पर चल रहे बोटाफ़ोगो से नौ अंक पीछे है। टिटे, जो 2016 से 2022 तक



ब्राजील के मैनेजर थे, ने पिछले साल अक्टूबर में अपनी नियुक्ति के बाद फ्लेमेंगो को 41 जीत, 13 ड्रॉ और 16 हार दिलाई।

## संदीप प्रधान ने साई के महानिदेशक का पद छोड़ा, सुजाता चतुर्वेदी अंतरिम आधार पर संभालेंगी कार्यभार

**नई दिल्ली :** संदीप प्रधान अपना कार्यकाल पूरा होने पर भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के महानिदेशक का पद छोड़ देंगे और खेल सचिव सुजाता चतुर्वेदी अंतरिम आधार पर उनकी भूमिका संभालेंगी। खेल मंत्रालय ने मंगलवार को उक्त घोषणा की। खेल मंत्रालय के आधिकारिक आदेश के अनुसार, “30.09.2024 को भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के महानिदेशक के पद के लिए संदीप एम. प्रधान का केंद्रीय प्रतिनियुक्ति कार्यकाल पूरा होने के परिणामस्वरूप, सक्षम प्राधिकारी ने श्रीमती सुजाता चतुर्वेदी, सचिव (खेल) को भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) के महानिदेशक पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपने की मंजूरी दे दी है। दिनांक 01.07.2019 से 01.10.2024, और नियमित पदधारी की नियुक्ति तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, चतुर्वेदी पद पर बनी रहेंगी।”

# हैदराबाद एफसी के खिलाफ जीत का सिलसिला जारी रखने के लिए खेलेगी चेन्नइयन एफसी

एजेंसी

**हैदराबाद :** हैदराबाद एफसी और चेन्नइयन एफसी के बीच आज शाम गाचीबोवली स्टेडियम में खेले जाने वाले मुकाबले से इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 के मैचवीक 4 की शुरुआत होगी। हैदराबाद एफसी ने अपने पिछले मैच पंजाब एफसी के खिलाफ 0-2 से हारने से पहले जुझारूपन दिखाया था, जबकि चेन्नइयन एफसी पिछले गुरुवार को मोहम्मडन एससी से 0-1 से हार गई थी। चेन्नइयन एफसी के खिलाफ हैदराबाद एफसी रक्षात्मक रूप से सुदृढ़ रही है। उसने चेन्नइयन एफसी के खिलाफ अपने पिछले आठ आईएसएल मैचों में से प्रत्येक में एक या उससे कम गोल खाए हैं। इस दौरान उसने चार मैच जीते हैं और केवल दो बार हारे हैं। चेन्नइयन एफसी ने अपने पिछले चार अवे मैचों में से प्रत्येक में गोल किया है। इससे पता चलता है कि वे हैदराबाद एफसी की बैकलाइन की परीक्षा लेंगे। हैदराबाद एफसी के हेड कोच थांगबोई सिंग्टो पिछले सीजन से प्रेरणा ले रहे हैं, जब उनकी टीम ने चेन्नइयन एफसी को हराया था। सिंग्टो ने प्री मैच कॉन्फ्रेंस में कहा, “ट्रेनिंग के पिछले कुछ हफ्तों में लड़के एक-दूसरे के साथ घुलमिल गए हैं। हमने अब तक केवल अवे मैच खेले हैं और हमारा अगला मुकाबला घर पर होगा। चेन्नइयन एफसी एकमात्र टीम थी जिसे हमने पिछले सीजन में हराया था। क्या हम उसे फिर से हराएंगे? मैं यही चाहता हूं।” चेन्नइयन एफसी के स्कॉटिश हेड कोच ओवेन कॉयल के अनुसार टीम ने इस बार पिछले सीजन से बेहतर शुरुआत की है, लेकिन अभी भी सुधार की काफी गुंजाइश है। कॉयल ने कहा, “मैं निश्चित रूप से छह अंकों के साथ तालिका में आगे बढ़ना पसंद करूंगा। हमारे पास तीन हैं, जो पिछले साल की तुलना में बेहतर है लेकिन हम छह अंकों तक पहुंच सकते थे।” हैदराबाद एफसी और चेन्नइयन एफसी के बीच आईएसएल में 10 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें से दोनों ने चार-चार जीत हासिल की हैं। दो मैच ड्रा रहे हैं।



# दिग्गज बास्केटबॉल खिलाड़ी डिकेम्बे मुटोम्बो का 58 वर्ष की आयु में निधन



**किंशासा :** एनबीए के वैश्विक राजदूत और नाइस्मिथ बास्केटबॉल हॉल ऑफ फेमर डिकेम्बे मुटोम्बो, जिनका जन्म डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) में हुआ था, का सोमवार को 58 साल की उम्र में मस्तिष्क कैंसर से निधन हो गया। एनबीए ने सोमवार को उक्त घोषणा की।अ एनबीए कमिश्नर एडम सिल्वर ने एक बयान में कहा, ₹डिकेम्बे मुटोम्बो जीवन से भी बड़े थे। कोर्ट पर, वह एनबीए में सबसे महान शॉट अवरोधक और रक्षात्मक खिलाड़ियों में से एक थे। मैदान से बाहर, उन्होंने दूसरों की मदद करने में अपना दिल और आत्मा लगा दी। मुटोम्बो को बास्केटबॉल के सबसे सम्मानित रक्षात्मक खिलाड़ियों और रिबाउंडर्स में से एक माना जाता है। उन्हें चार बार एनबीए का वर्ष का रक्षात्मक खिलाड़ी नामित किया गया, यह रिकॉर्ड उन्होंने बेन वालेस के साथ साझा किया है। मुटोम्बो 3,298 ब्लॉक और 12,359 रिबाउंड जमा करने और आठ ऑल-स्टार प्रदर्शन करने के बाद 2009 में सेवानिवृत्त हो गए। उस वर्ष बाद में, उन्हें तत्कालीन आयुक्त डेविड स्टर्न द्वारा एनबीए के लिए वैश्विक राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया था। 2015 में, मुटोम्बो को नाइस्मिथ मेमोरियल बास्केटबॉल हॉल ऑफ फ़ेम में शामिल किया गया था। ह्यूस्टन रॉकेट्स के पूर्व स्टार को दुनिया भर में उनके मानवीय कार्यों के लिए खेल से परे भी बहुत सम्मान दिया गया था। मुटोम्बो ने धर्मार्थ कार्यों में लाखों डॉलर का निवेश किया है, जिसमें हजारों लोगों के लिए स्वास्थ्य देखभाल की पहुंच में सुधार के लिए डीआरसी में एक अस्पताल का निर्माण भी शामिल है।

# नेपाल में बाढ़ से मरने वालों का आंकड़ा 225 तक पहुंचा

## तीन दिनों के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल में भीषण बाढ़ और भूस्खलन से जानमाल की क्षति का आंकड़ा दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। पिछले तीन दिनों में इस आपदा से जान गंवाने वालों की संख्या 225 तक पहुंच गई है। जैसे-जैसे बाढ़ प्रभावित जिलों में संपर्क स्थापित किया जा रहा है, लापता और मृतकों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। गृह मंत्रालय के मुताबिक सैकड़ों अभी भी लापता बताए जा रहे हैं।



इसी बीच प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के अमेरिका से वापस होते ही कैबिनेट की बैठक में बाढ़ और भूस्खलन के कारण हुए नुकसान की स्थिति का जायजा लिया गया। सोमवार देर शाम हुई कैबिनेट बैठक में देश में तीन दिनों के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गई है। सरकार के प्रवक्ता पृथ्वी सुब्बा गुरूंग ने बताया कि मंगलवार से तीन दिनों के लिए राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि राष्ट्रीय शोक के बावजूद सार्वजनिक अवकाश नहीं दिया जाएगा।

कैबिनेट की बैठक में मृतक परिवारों को आर्थिक सहायता देने का निर्णय भी किया गया है। सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि प्रति मृतक परिवार को संघीय सरकार के तरफ से 2 -2 लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा की गई है। घायल हुए लोगों के उपचार का पूरा खर्च सरकार की तरफ से किए जाने की घोषणा भी की गई है।

नेपाल सरकार ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा कोष में सहायता करने की अपील की है। कैबिनेट की बैठक में इस कोष में 1000 करोड़ रुपए देने का निर्णय किया गया है। सरकार ने देश-विदेश के दानदाताओं से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा कोष में सहयोग करने की अपील की है। इस कोष में नेपाल सरकार के सभी मंत्रियों के एक महीने का वेतन देने का भी निर्णय किया गया है।

## सुपरस्टार रजनीकांत की तबीयत अचानक बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती



**मुंबई।** सुपरस्टार रजनीकांत की हालत अचानक बिगड़ने पर उन्हें चेन्नई के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पेट दर्द की शिकायत के बाद रजनीकांत को सोमवार रात अस्पताल में भर्ती कराया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आधी रात को रजनीकांत ने पेट दर्द की शिकायत की। 73 साल के रजनीकांत की हालत अब स्थिर है और कुछ मेडिकल टेस्ट के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी। रजनीकांत की पत्नी लता ने उनकी सेहत पर अपडेट दिया है। हालांकि उन्होंने ज्यादा जानकारी नहीं दी है। उन्होंने कहा कि फिलहाल सबकुछ ठीक है। रजनीकांत के अस्पताल में भर्ती होने की खबर के बाद बड़ी संख्या में उनके प्रशंसक सोशल मीडिया पर रजनीकांत के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं।

## बिहार : मुजफ्फरपुर में टूटा लखनदेई नदी का तटबंध, रिहाईशी इलाकों में घुसा पानी

एजेंसी

**पटना।** नेपाल में हो रही लगातार बारिश के बाद नेपाल से भारी मात्रा में बिहार की नदियों में पानी छोड़े जाने के कारण यहां बाढ़ की स्थिति भयावह हो गई है। इस दौरान बांध टूटने सिलसिला जारी है। मुजफ्फरपुर जिले के औराई प्रखंड के रामखेतारी हिंदी स्कूल के पास लखनदेई नदी का तटबंध टूट गया है, जिससे कई इलाकों में बाढ़ का पानी फैलने लगा है। तटबंध के टूटने से रिहाईशी इलाकों में तेजी से बाढ़ का पानी फैलने लगा है। स्थिति का जायजा लेने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी (पूर्वी) अमित कुमार मौके पर पहुंचे। प्रशासन ने लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी है और राहत कार्य शुरू कर दिए हैं।



कोसी बराज से पानी छोड़ने के बाद लकनदेई नदी उफान पर है। ऐसे में तटबंध टूटने से लोगों में डर साफ देखा जा सकता है। हालांकि मुजफ्फरपुर में सोमवार देर रात से बागमती नदी का जलस्तर घटने से लोगों को राहत मिला है।

## जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के अंतिम चरण में सुबह 9 बजे तक 11.6 प्रतिशत मतदान दर्ज

एजेंसी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के अंतिम चरण में मंगलवार सुबह 9 बजे तक 11.6 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। जम्मू और कश्मीर के पोलिंग बूथों के बाहर मतदान के लिए लोगों की लंबी कतारें लग रही हैं।



जम्मू-कश्मीर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के सात जिलों के सभी 40 विधानसभा क्षेत्रों में सुबह 9:00 बजे तक 11.06 प्रतिशत मतदान दर्ज. किया गया है। जिसमें बांदीपोरा जिले में 11.64 प्रतिशत, बारामुला जिले में 8.89 प्रतिशत, जम्मू जिले में 11.46 प्रतिशत, कठुआ जिले में 13.09 प्रतिशत, कुपवाड़ा जिले में 11.27 प्रतिशत, सांबा जिले में 13.31 प्रतिशत और उधमपुर जिले में 14.23 प्रतिशत मतदान हुआ है।

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के तीसरे और अंतिम चरण के लिए मंगलवार सुबह 7 बजे मतदान शुरू हुआ है जोकि शाम 6 बजे तक जारी रहेगा। तीसरे चरण के लिए प्रदेश की 40 विधानसभा सीटों पर मतदान हो रहा है। पहले दो चरण में 50 सीटों पर मतदान हो चुका है। मंगलवार को जिन 40 सीटों पर मतदान हो रहा है उनमें 24 सीटें जम्मू संभाग और कश्मीर संभाग की 16 सीटे हैं शामिल हैं।

## हरियाणा : उचाना में पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला व सांसद चंद्रशेखर की गाड़ी पर पथराव

### देर रात तक पुलिस व जेजेपी कार्यकर्ताओं में हंगामा

एजेंसी

**चंडीगढ़।** जींद जिले के उचाना विधानसभा हलके में बीती रात चुनाव प्रचार के दौरान हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला व उत्तर प्रदेश की नगीना सीट से सांसद चंद्रशेखर रावण की गाड़ी पर अज्ञात युवकों ने हमला कर दिया। युवकों ने हंगामा करते हुए गाड़ी पर पत्थर फेंका और धूल-मिट्टी उड़ाई गई। घटना की सूचना मिलते ही जब पुलिस मौके पर पहुंची तो दुष्यंत चौटाला और पुलिस के बीच जमकर बहस हुई। कई घंटे तक यहां हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा।



उचाना में जेजेपी के दुष्यंत चौटाला प्रत्याशी हैं और चंद्रशेखर उनके समर्थन में रोड शो करने आए थे। देर शाम को इनका काफिला उचाना कलां गांव में पहुंचा। दुष्यंत व चंद्रशेखर रथ पर आगे चल रहे थे। इनकी कारें पीछे काफिले में थी। इसी दौरान कुछ युवकों ने हूटिंग करते हुए गाड़ी पर पत्थर मार दिया। जिससे चंद्रशेखर की गाड़ी का पिछला शीशा टूट गया।

सूचना मिलने पर उचाना थाना प्रभारी पवन कुमार भी मौके पर पहुंचे। उनकी दुष्यंत के साथ बहस भी हुई। विवाद बढ़ने पर अतिरिक्त पुलिस बल को मौके बुलाया गया। रोड शो को मौके पर रोक दिया गया और दुष्यंत व चंद्रशेखर भी रथ से उतर कर कार्यकताओं के बीच आ गए। कुछ ही देर में पूरे क्षेत्र में सूचना फैल गई कि दुष्यंत के काफिले पर हमला हो गया। कार्यकर्ता भी जुटने लगे। दुष्यंत चौटाला ने हमलावरों को गिरफ्तार करने को कहा। एसएचओ ने कहा कि पर्चा दर्ज कर लेते हैं। इस पर दुष्यंत ने चेतावनी दी कि आपके पास कार्रवाई के लिए एक घंटे का समय है। इस दौरान यहां खूब भीड़ जुटी रही। बाद में चंद्रशेखर दूसरी कार से यहां से रवाना हुए। पुलिस मामले में छानबीन कर रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक व्यक्ति शराब पीकर गली में खड़ा था। जब दुष्यंत चौटाला व चंद्रशेखर का काफिला उचाना कलां में दुद्धाधारी मंदिर के पास पहुंचा तो व्यक्ति ने अचानक से पत्थर उठा कर कार पर फेंक दिया। इसके बाद यहां हंगामा हो गया। पुलिस ने सुरक्षा के मद्देनजर दुष्यंत चौटाला व चंद्रशेखर रावण के काफिले को कड़ी सुरक्षा के बीच निकाला। जननायक जनता पार्टी की तरफ से दो दिन पहले ही हरियाणा के मुख्य निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर उचाना में अर्धसैनिक बल तैनात करने की मांग की गई थी। जेजेपी ने आशंका जताई थी कि यहां एक विपक्षी दल के प्रत्याशी हंगामा करवा सकते हैं।

## माओवादियों के दो संदिग्ध ठिकानों पर एनआईए की छापेमारी


**कोलकाता।** माओवादियों से संबंध होने के आरोप में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की नजर दो महिलाओं पर है। मंगलवार सुबह ही एनआईए अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल पुलिस की विशेष टास्क फोर्स (एसटीएफ) के साथ मिलकर उत्तर 24 परगना के पानिहाटी और आसनसोल में छापेमारी शुरू की। एनआईए सूत्रों के अनुसार, जिन दो महिलाओं पर माओवादी संगठनों से जुड़े होने का आरोप है, उनके नाम सुदीप्ता पाल और शिप्रा चक्रवर्ती हैं। जांच एजेंसी इस आरोप की सत्यता की जांच कर रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, सुदीप्ता और शिप्रा पहले आसनसोल में किराए के मकान में रहती थीं। पांच साल पहले शिप्रा आसनसोल से पानिहाटी चली गईं, जो उत्तर 24 परगना जिले के पल्लिश्री क्षेत्र में स्थित है। मंगलवार को एनआईए और एसटीएफ ने वहां भी छापेमारी की। खबर लिखे जाने तक छापेमारी की कार्रवाई जारी थी। आसनसोल के डिसेरगढ़ क्षेत्र में भी तलाशी अभियान चल रहा है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, सुदीप्ता और शिप्रा सामाजिक कार्यों से जुड़ी थीं और कोयला खदान श्रमिकों के अधिकारों के लिए संघर्ष करती थीं। वे 'अधिकार' नामक संगठन से जुड़ी थीं और बाद में 'मजदूर अधिकार' नामक संगठन शुरू किया। इसके तहत वे कोयला खदान श्रमिकों के अधिकारों के लिए आंदोलन करती थीं। इसके अलावा, मानवाधिकार संबंधी कई मुद्दों पर भी उन्होंने आवाज उठाई थी। आरोप है कि सुदीप्ता और शिप्रा छत्तीसगढ़ के माओवादियों से संपर्क में थीं। एनआईए इस बात की भी जांच कर रही है कि इस नेटवर्क में उनके अलावा और कौन-कौन शामिल हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि आसनसोल में कई जगहों पर सुदीप्ता और शिप्रा ने किराए के मकानों में निवास किया था। हालांकि, शिप्रा के पानिहाटी चले जाने के बाद, सुदीप्ता डिसेरगढ़ क्षेत्र के एक किराए के मकान में रह रही थीं।

## ऊंची छलांग के बाद मुनाफा वसूली से बना दबाव

### शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार में मामूली तेजी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में मंगलवार को शुरूआती कारोबार के दौरान मामूली तेजी नजर आ रही है। आज के कारोबार की शुरूआत गिरावट के साथ हुई थी। हालांकि बाजार खुलते ही खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने ऊंची छलांग लगाने में सफलता हासिल कर ली, लेकिन पहले 10 मिनट के कारोबार के बाद ही बाजार में मुनाफा वसूली शुरू हो गई, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक ऊपरी स्तर से नीचे लुढ़क गए। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.11 प्रतिशत और निफ्टी 0.07 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।




शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से टेक महिंद्रा, इंफोसिस, लार्सन एंड टूब्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा और विप्रो के शेयर 3.25 प्रतिशत से लेकर 1.11 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर एशियन पेंट्स, टाइटन कंपनी, जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा स्टील और बजाज ऑटो के शेयर 2.10 प्रतिशत से लेकर 1.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,377 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,600 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 777 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 15 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 15 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 26 शेयर हरे निशान में और 24 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

बीएसई का सेंसेक्स आज 42.61 अंक की कमजोरी के साथ 84,257.17 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 84,648.40 अंक तक पहुंच गया। हालांकि शुरूआती 10 मिनट के कारोबार में ही बाजार में मुनाफा वसूली शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में गिरावट आ गई। बाजार में लगातार जारी खरीद-बिक्री के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 90.75 अंक की तेजी के साथ 84,390.53 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने आज 22.40 अंक फिसल कर 25,788.45 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही लिवाली के सपोर्ट से ये सूचकांक ओपनिंग लेबल से करीब 120 अंक की छलांग लगा कर 25,907.60 अंक के स्तर तक पहुंच गया। हालांकि इस तेजी के बाद बाजार में बिकवाली शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में भी गिरावट आ गई। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 16.85 अंक की मजबूती के साथ 25,827.70 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

इसके पहले पिछले कारोबारी दिन सोमवार को सेंसेक्स 1,272.07 अंक यानी 1.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 84,299.78 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, निफ्टी ने 368.10 अंक यानी 1.41 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 25,810.85 अंक के स्तर पर सोमवार के कारोबार का अंत किया था।

## न्यूज IN बिजनेस

### 'रब से है दुआ' के शादी वाले सीक्वेंस के लिए धीरज धूपर ने अपनी को-स्टार सीरत कपूर के साथ दिलकश लाल पहनकर चलाया जादू

**रांची :** जी टीवी के शो 'रब से है दुआ' में दर्शकों का दिल जीत रहे धीरज धूपर ने हाल ही में इस शो के एक शादी वाले सीन से अपने लुक की एक झलक दिखाई जिसे देखकर फैंस भी वाह कह उठे। पूरे लाल रंग के पहनावे में सजकर धीरज ने प्यार और परंपरा के इस रंग को अपनाया, जो भारतीय शादियों का प्रतीक माना जाता है। उनकी लाल शेरवानी लाल चूड़ीदार और मेल खाती मोजरी भारतीय शादियों से बखूबी मेल खा रही थी, जिसमें लाल रंग को सांस्कृतिक महत्व का रंग माना जाता है।इस सीक्वेंस में जहां सुभान, मन्नत (सीरत कपूर) से शादी करने जा रहा है, वहीं दोनों कलाकार आपसी तालमेल वाले लाल आउटफिट्स में नजर आ रहे हैं। दोनों ने बड़ी खूबसूरती से लाल रंग अपनाया है जो शादी जैसे पवित्र समारोहों में सदियों से पहना जा रहे इस रंग की खासियत बयां करते हैं।धीरज ने कहा, ह्यह्यलाल एक दमदार रंग है जिसमें प्यार जुनून और परंपरा की झलक है, खासतौर पर भारतीय शादियों में इस रंग का अपना एक निराला अंदाज होता है। इस रंग में खुशी, तेज और आत्मविश्वास है, जो इस वेडिंग ट्रैक के लिए इसे परफेक्ट चॉइस बनाते हैं। यह रंग स्क्रीन पर कुछ खास ही नजर आता है और हमेशा एक स्टेटमेंट बनाता है।ह्यह्यजहां धीरज लाल रंग में दिलकश नजर आ रहे हैं वहीं दर्शकों को भी आने वाले एपिसोड्स में जबर्दस्त ड्रामा देखने को मिलेगा, जहां इबादत (येशा रुघानी) सुभान और मन्नत की शादी रोकने के लिए एक बड़ा कदम उठाएगी।

### 33 करोड़ से ज्यादा यूजर्स के साथ फ्लिपकार्ट के बिग बिलियन डेज 2024 ने की भारत में त्योहारी सीजन की शुरूआत

**रांची:** भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने अपने बहुप्रतीक्षित द बिग बिलियन डेज (टीबीबीडी) 2024 के 11वें संस्करण की शुरूआत कर दी है। फ्लिपकार्ट वीआईपी और प्लस ग्राहकों के लिए 26 सितंबर को अर्ली एक्सेस (एक दिन पहले) के साथ 27 सितंबर से सभी ग्राहकों के लिए टीबीबीडी की शुरूआत हो गई है। अर्ली एक्सेस डे और पहले दिन कुल मिलाकर 33 करोड़ से ज्यादा यूजर विजिट्स देखने को मिले, जो देशभर के खरीदारों के त्योहारी उत्साह को दिखाता है। मोबाइल, फूड एंड न्यूट्रिशन और ग्रूमिंग कैटेगरी में बढ़ती मांग के साथ शुरूआती ट्रेंड्स आगे जबर्दस्त त्योहारी सीजन का संकेत दे रहे हैं।टीबीबीडी 2024 के शुरूआती ट्रेंड्स ग्राहकों का जबर्दस्त उत्साह दिखा रहे हैं। मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, लार्ज अप्लायंसेज, फैशन, ब्यूटी एवं होम प्रोडक्ट्स जैसी कैटेगरी में ग्राहकों के बीच सबसे ज्यादा मांग देखने को मिली। एक ओर जहां नई दिल्ली, कोलकाता, हैदराबाद, बेंगलुरु जैसे मेट्रो शहरों में टीबीबीडी के पहले 24 घंटों में ग्राहकों की तरफ से मांग में वृद्धि देखने को मिली, वहीं मेदिनीपुर, हिसार, बरहामपुर, बांकुरा और अगरतला जैसे छोटे शहरों से भी जबर्दस्त मांग दर्ज की गई है। एथनिक वियर, वेस्टर्न वियर, स्पोर्ट्स फुटवियर, कैजुअल फुटवियर एवं फॉर्मल फुटवियर जैसे प्रोडक्ट्स की शॉपिंग करते हुए ग्राहक अपनी लाइफस्टाइल को अपग्रेड कर रहे हैं। द बिग बिलियन डेज के 11वें संस्करण के मौके पर फ्लिपकार्ट के वाइस प्रेसिडेंट-ग्रोथ हर्ष चौधरी ने कहा, 'हर साल भारत में त्योहारी सीजन की शुरूआत द बिग बिलियन डेज के साथ होती है, जो पूरे इकोसिस्टम को साथ लाता है।

### स्मार्ट आईएएस फाउंडेशन ने लॉन्च कर दिया है अपने नए व्यापक पाठ्यक्रम, साथ ही सिविल सेवा परीक्षा के अभ्यर्थियों के लिए 75% छात्रवृत्ति की घोषणा

**रांची :** भावी सिविल सेवकों की तैयारी को बेहतर बनाने के उद्देश्य से एक बहुत ही महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, स्मार्ट आईएएस फाउंडेशन को 75% छात्रवृत्ति के साथ अपने यूपीएससी और अन्य सिविल सेवा परीक्षाओं की तैयारी के नए व्यापक पाठ्यक्रम के शुभारंभ की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। यह पाठ्यक्रम उम्मीदवारों की उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है, जो उन्हें भारत की सबसे कठिन प्रतियोगी परीक्षाओं में से एक में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक ज्ञान, कौशल और रणनीतियों से लैस करता है।स्मार्ट आईएएस फाउंडेशन, यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में शीर्ष स्थानप्रापक तैयार करने की अपनी विरासत के साथ, जिसमें रैंक 8 भी शामिल है, परीक्षा की गतिशील प्रकृति से मेल खाने के लिए अपने प्रस्तावों को नया और बेहतर बनाना जारी रखे हुए है। संस्थान से यूपीएससी परीक्षा में सफल होने वाले अन्य छात्रों में मोहम्मद शहंशाह सिद्दीकी यूपीएससी (सीएसई 2023) रैंक - 762 और जिज्ञासु अग्रवाल - (यूपीएससी सीएसई - 2023 - 326) शामिल हैं।इस पाठ्यक्रम की शुरूआत भविष्य के लीडर्स को तैयार करने की हमारी प्रतिबद्धता में एक और मील का पत्थर है जो देश के शासन को आकार देंगे। पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश अब प्रारंभ हो चुके हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए 9954746918 पर संपर्क कर सकते हैं।स्मार्ट आईएएस फाउंडेशन के सह-संस्थापक राज गौरव ने कहा, ₹नया पाठ्यक्रम सिविल सेवा परीक्षा के बदलते रुझानों और पैटर्न को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। हमारा उद्देश्य एक समग्र दृष्टिकोण प्रदान करना है जो न केवल छात्रों को परीक्षाओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने में मदद करता है बल्कि उन्हें सक्षम प्रशासक बनने के लिए भी तैयार करता है जो समाज में सकारात्मक योगदान दे सकते हैं। पाठ्यक्रम को 75% छात्रवृत्ति के साथ बहुत ही किफायती कीमत पर लॉन्च किया गया है।

### जावा येजडी ने ऑनलाइन मोटरसाइकिल खरीदारी को बढ़ाने के लिए फ्लिपकार्ट के साथ की साझेदारी

**रांची:** जावा येजडी मोटरसाइकिल्स ने फ्लिपकार्ट के साथ सहयोग की घोषणा की है, जो भारत में प्रीमियम मोटरसाइकिल बाजार में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह साझेदारी जावा येजडी को फ्लिपकार्ट के ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर अपने उत्पादों की पेशकश करने वाली पहली प्रीमियम मोटरसाइकिल निमार्ता बनाती है, जिसका लक्ष्य देश भर में उत्साही लोगों के हाई-एंड मोटरसाइकिलों तक पहुंचने और उन्हें खरीदने के तरीके में सुधार करना है।यह सहयोग जावा येजडी मोटरसाइकिल्स की डिजिटल रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसे ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने और इसकी प्रीमियम मोटरसाइकिल रेंज की पहुंच बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है। 500 मिलियन से अधिक यूजर्स के साथ फ्लिपकार्ट के प्लेटफॉर्म का उपयोग करके, जावा येजडी मोटरसाइकिलें ज्यादा से ज्यादा दर्शकों तक पहुंचेंगी, जिससे भारत के विभिन्न हिस्सों के मोटरसाइकिल उत्साही लोगों को प्रदर्शन-क्लासिक बाइक की अपनी श्रृंखला का पता लगाने, तुलना करने और चुनने की सुविधा मिलेगी।क्लासिक लीजेंड्स के सीईओ आशीष सिंह जोशी ने साझेदारी पर कहा, 'फ्लिपकार्ट के साथ हमारा सहयोग प्रीमियम मोटरसाइकिल सेगमेंट में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। जावा और येजडी मोटरसाइकिलों को फ्लिपकार्ट के प्लेटफॉर्म पर लाकर, हम पूरे भारत में उत्साही लोगों के लिए खोज और खरीद अनुभव को बढ़ा रहे हैं।' फ्लिपकार्ट में इलेक्ट्रॉनिक्स सेगमेंट के वाइस प्रेसीडेंट जगजीत हारोडे ने कहा, 'जावा येजडी मोटरसाइकिल्स के साथ यह साझेदारी प्रीमियम उत्पादों को ऑनलाइन खोजने और खरीदने के तरीके में क्रांति लाने की फ्लिपकार्ट की अद्वितीय क्षमता को दिखाती है।

# भाजपा-झापा गठबंधन अनुसूचित क्षेत्र को खत्म करना चाहती है: नमन बिक्सल कोनगाडी

मेट्रो रेज



**जलडेगा:** प्रखण्ड अन्तर्गत ओड़गा क्षेत्र के जोनोदा गाँव तथा टाटी पंचायत में टाटी रेलवे स्टेशन के पास दुगडुगिया दोनों जगहों पर बिशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में पस्टोरेट और पेरिस के सभी मंडली के लोगों ने भाग लिया।बैठक में सभी मंडली के पदाधिकारियों और उपस्थित जनसमूह ने आज के केंद्र सरकार तथा भाजपा झापा के द्वारा आदिवासी समाज के विरुद्ध प्रायोजित कई प्रकार के षड्यंत्रों पर बिशेष चर्चा की।

इस बिशेष बैठक में *कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी* को मुख्य अतिथि सह मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया।

दोनों जगहों पर सभी मंडली के पदाधिकारियों एवं उपस्थित जनसमूह के द्वारा विधायक का स्वागत धुमधाम से नाच गान कर किया गया।

*कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाडी* ने *डी लिस्टिंग* के नाम पर भाजपा द्वारा किये जा साजिश का पदार्फास करते हुए कहा कि भारतीय संविधान के पांचवीं अनुसूचि में किये प्रवधानों के तहत अनुसूचित क्षेत्रों और अनुसूचित जनजातियों के प्रशासन और नियंत्रण के लिए केन्द्र सरकार ने पेसा कानून 1996 बना कर दिया।जिसमें आदिवासिंयों एवं मुलनिवासियों का संरक्षण एवं विकास हेतू उनके पारंपरिक आजीविका, अस्तित्व एवं पहचान के लिए जल, जंगल, जमीन, खनिज व सम्पदा, नौकरी में आरक्षण और जनप्रनिधित्व के पदों में आरक्षण का अधिकार दिया है ।

भाजपा आदिवासी समुदायों में से कुछ को धर्म के नाम पर अनुसूचित जनजाति सुची से हटा कर आदिवासी समुदाय की संख्या में कमी कर अनुसूचित क्षेत्र को खत्म करने का साजिश कर रही है।अनुसूचित क्षेत्र (पेसा कानून क्षेत्र) वही क्षेत्र होता जहां आदिवासियों की बहुलता हो।

*झारखंड मे आदिवासियों का जनसंख्य अनुपात 26.6 है, जिसमें आदिवासी समुदाय के लोग कई धर्मों को मानते हैं। आदिवासियों मे धर्म के अधार पर डीलिस्टिंग करने से आदिवासियों का जनसंख्या अनुपात कम हो जाएगा। इस असंवैधानिक डीलिस्टिंग से झारखंड के कई जिले, कई प्रखंड और कई पंचायत आदिवासी बहुलता कम होने की वजह अनुसूचित क्षेत्र के आहर्ता को पुरा नहीं करने या खो देने के कारण अनुसूचित क्षेत्र की सुचि से हटा दिये जाऐंगे।जिससे आदिवासी समुदाय को कई चीजों में काफी हानि उठाना पड़ेगा।जिसमे रळ कॉटा के सांसद ,विधायक ,मुखिया समेत कई जनप्रतिनिधित्व के सीट कम हो जाएगें और अनुसूचित क्षेत्र के कई संवैधानिक लाभ से वंचित हो जाएगें।आदिवासियों का राज्य में संख्या कम होने से नौकरीयों में आरक्षण एवं आदिवासियों के विकास का बजट (फन्ड) भी जनसंख्या अनुपात के अनुसार कम हो जाएगा।

इस बिशेष बैठक में जिला विधायक प्रतिनिधि सह अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष रावेल लकड़ा, प्रखंड अध्यक्ष सुशील जड़िया, मंडल अध्यक्ष अनिल डांग, मंडल अध्यक्ष सुनील सुरीन, मंडल अध्यक्ष अमर टोपनो, प्रखंड सचिव रहीम खान, परबा पंचायत अध्यक्ष मसिहदास टोपनो, निरल जोजो, जोसेफ लुगुन सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# राजनीति ऐसी हो कि धर्म के साथ कर्म की भी हो जय जयकार : आईरीन

मेट्रो रेज



**कुरडेग:** झापा नेत्री आईरीन एक्का ने सोमवार को प्रखंड के कुटमाकछार, डूमरडीह आदि गांव का भ्रमण किया। मौके पर आईरीन एक्का ने ग्रामीणों के साथ बैठक करते हुए उनकी समस्या सुनी। आईरीन एक्का ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सिमडेगा विस क्षेत्र में अब तक भाजपा और कांग्रेस ने ही शासन किया है, लेकिन दोनों ही पार्टी जनता की समस्या को दूर करने में नाकाम साबित हुए हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड पार्टी माटी की पार्टी है और लोगों के दुख दर्द को समझती है। उन्होंने कहा कि झारखंड पार्टी हर लोगों के सुख-दुख में भागीदार बनना चाहती है, और लोगों के समर्थन से क्षेत्र की सभी समस्या को भी दूर करना चाहती है। आईरीन एक्का ने इस बार विधानसभा चुनाव में अपनी अपनी अपनी धार्मिक मान्यताओं का पूरी आस्था के साथ पालन करते हुए विकास के लिए झारखंड पार्टी को समर्थन देने की बात कही। उन्होंने कहा कि जिन नेताओं को काम नहीं करना होता है, वे लोग धर्म को अपना हथियार बनाकर लोगों को ठगने का काम करते हैं। आईरीन एक्का ने कहा कि सिमडेगा की जनता ने एनोस एक्का के काम को देखा है। अब समय है कि एनोस एक्का और जिले के अन्य जनप्रतिनिधियों के कार्यों की तुलना की जाए। उन्होंने कहा कि राजनीति ऐसी होनी चाहिए कि धर्म की भी जय जयकार हो, और कर्म की भी जय जयकार हो। झारखंड पार्टी सभी धर्म का आदर और सत्कार करता है। साथ ही साथ यह विश्वास दिलाता है कि सभी व्यक्ति को अपने-अपने धर्म, संस्कार, संस्कृति के साथ रहने की पूर्ण स्वतंत्रता मिलेगी। मौके पर सभी लोगों ने इस बार झारखंड पार्टी को समर्थन देने की बात कही। ग्रामीणों ने कहा कि इस बार उन्हें धर्म के नाम पर कोई नहीं ठग सकता है, जो जनता का काम करेगा उसी को वोट दिया जाएगा। मौके पर विनोद बरला, अमन खेस, आनंद एंड्रयुस, नंदू, पवन साय, अनीता बिलुंग, अनुपमा मिंज, रंजिता खेस, विनीता, विमल, सुनील, नंदकिशोर साय, सावित्री देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## विवेकानन्द शिशु-विद्या मन्दिर मासान्त बैठक संपन्न



**रागढ़:** वनवासी कल्याण केन्द्र की शैक्षिक इकाई श्रीहरि वनवासी विकास समिति, झारखण्ड द्वारा संचालित विवेकानन्द शिशु-विद्या मन्दिर लचरागढ़ में प्रधानाचार्य राजेन्द्र साहू जी के अध्यक्षता में मासान्त बैठक की गई। सर्वप्रथम भारत माता, विद्या की अधिष्ठात्री देवी माता सरस्वती और ॐ के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित पुष्पार्चन किया गया। तत्पश्चात ब्रह्मनाद की ध्वनि के साथ बैठक प्रारम्भ की गई।इस बैठक में गुणवता पूर्ण शिक्षा बच्चों को मिले इस पर चिंतन हुआ।साथ ही संस्कार पक्ष मजबूत हो इसलिए प्रतिदिन कक्षा में चर्चा हो।आगामी संभाग स्तरीय प्रधानाचार्य बैठक हेतु प्रत्येक विभाग के आवश्यक सामग्री की सूची बनी।अभिभावक सम्पर्क विद्यालय विकास का आधार है इसे बल देते हुए 1 अक्टूबर 2024 से 30 नवम्बर 2024 तक अभिभावक सम्पर्क महाअभियान चलेगा। जिसमें कक्षाचार्य अपने कक्षा के बच्चों के घर जाकर अभिभावक से वार्ता करेंगे और शिशु के सर्वांगीण विकास पर चिंतन-मंथन होगा।27,28 अक्टूबर 2024 को आयोजित शिशु शिविर की तैयारी की योजना बनी।अंत में सुभकामना मंत्र के साथ बैठक की समाप्ति की गई।इस बैठक में आचार्य श्री प्रमोद पाणिग्रही, विमल टेटे, जगेश्वर सिंह, गणेश सिंह, सुदर्शन कुमार, अर्जुन महतो, आचार्या श्रीमती लक्ष्मी देवी, विमला देवी, दशरथी देवी, वसंती देवी, शुश्री शकुंतला कुमारी, निशि कुल्लू, रश्मि प्रधान, प्रगति सिंह, दीक्षित कुमारी, रेखा देवी, सुनीति कुमारी उपस्थित थे।

## खोखर परिवार की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन

**चाईबासा:** रोटरी क्लब के तत्वाधान में खोखर परिवार की ओर से 148 वा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया आज खोखर परिवार के द्वारा आयोजित इस रक्तदान की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि इस रक्तदान शिविर में महिलाओं ने भी अपनी दमदार सहभागिता निभाई रोटरी क्लब के द्वारा प्रत्येक माह के 1 तारीख को आयोजित होने वाले इस रक्तदान शिविर के प्रति लोगों का लगाव और स्नेह देखते ही बनता है आज समाजसेवी और नामचीन हस्तीगुरु मुख से खोखर के पिता के स्मृति में आयोजित इस रक्तदान शिविर में भी काफी संख्या में लोगों ने रक्तदान कर यहसंदेश दिया की रक्तदान जीवनदान इसलिएरक्तदान से बढ़कर कोई पुनीतकार्य नहीं है रक्तदान से जीवन की रक्षा होती है और हमें जरूरतमंदों को रक्त सहज और सरल रूप से उपलब्ध भी कराते हैं इस रक्तदान शिविर में रक्तदान करने वालों को गुरमुख सिंह खोखर ने हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं होता और रक्त का भरपाई रक्त सहित संभव है इस मानव सेवा कार्य में जिन रक्तदाताओं ने अपनी सहभागिता निभाई है उसके लिए खोखर परिवार और आमजन उनके प्रति अपने श्रद्धा रखता है और भविष्य में भी इस प्रकार के रक्तदान शिविर में लोगों का जन सहयोग मिलता रहेगा यही रोटी क्लब और आम जनमानस के आकांक्षा है।

